

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 244

ग्वालियर, बुधवार, 27 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

संक्षिप्त समाचार

## बार एसोसिएशन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बार एसोसिएशन और वकील किसी जज के रोस्टर को बदलने के लिए मुख्य न्यायाधीश पर दबाव नहीं बना सकते। कोर्ट ने जयपुर बार एसोसिएशन द्वारा एक जज के बहिष्कार के आह्वान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए यह टिप्पणी की है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि जजों पर दबाव बनाने के बार संघों के प्रयासों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। जस्टिस एमआर शाह और एएस बोपन्ना की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ के बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को हड़ताल के रूप में उच्च न्यायालय की एकल पीठ का बहिष्कार करने के लिए अवमानना नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा वकील एकल न्यायाधीश के रोस्टर बदलने के लिए आग्रह कैसे कर सकते हैं। कोई बार एसोसिएशन रोस्टर को बदलने के लिए मुख्य न्यायाधीश पर दबाव नहीं बना सकती। मुख्य न्यायाधीश मास्टर ऑफ रोस्टर हैं। वहीं इसे बदल सकते हैं। मामला जयपुर बार एसोसिएशन के जस्टिस सतीश कुमार शर्मा के कोर्ट के बहिष्कार से जुड़ा है। बहिष्कार का प्रस्ताव 27 सितंबर तब पारित किया गया था, जब न्यायाधीश ने एक वकील के लिए सुरक्षा की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था। एसोसिएशन ने मांग की कि जस्टिस शर्मा की पीठ से आपराधिक मामलों को हटाने के लिए रोस्टर को बदला जाए। इस मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। जयपुर बार एसोसिएशन ने कहा कि उस दिन कोई हड़ताल नहीं हुई थी। वह इस मामले में जवाब दाखिल करेगी। मामले की सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

## जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का यही समय है, वरना देर हो जाएगी : यादव

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या पर ठोस कदम उठाने का यही समय है, वरना बहुत देर हो जाएगी। रियाद में हुए 'मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव सम्मिट' में भूपेंद्र यादव ने कहा कि सभी देशों को साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन पर आगामी 26वें कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी26) को सफल बनाने के लिए काम करना चाहिए। पर्यावरण मंत्री ने ट्वीट किया मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव सम्मिट 2021, में कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को लेकर ठोस कदम उठाने का समय आ गया है, वरना बहुत देर हो जाएगी। विकास के चरण, प्रति व्यक्ति आय, ऐतिहासिक जिम्मेदारी, हिस्सेदारी और सीबीडीआर-आरसी किसी भी समेकित वैश्विक कार्रवाई में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा देशों को साथ मिलकर सीओपी26 को सफल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

## सुषमा, सोनिया से मुलायम तक अमरिंदर ने फिर फोड़ा फोटो बम

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तानी पत्रकार आरूसा आलम संग दोस्ती को लेकर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह लगातार विरोधियों के निशाने पर हैं। पाक पत्रकार आरूसा के कथित आईएसआई लिंक को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे कैप्टन ने पलटवार किया है और विरोधियों पर ताबड़तोड़ फोटो बम फोड़ा है। पाकिस्तानी पत्रकार आरूसा आलम से दोस्ती पर जारी विवाद के बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोमवार को अपने फेसबुक पेज पर कुछ तस्वीरें जारी कीं। इनमें आरूसा देश के शीर्ष राजनेताओं और फिल्मी हस्तियों के साथ नजर आ रही हैं। अमरिंदर ने सवाल किया कि क्या तस्वीर में मौजूद हर व्यक्ति के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध हैं? उन्होंने दावा किया कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच वीजा पाबंदियां नहीं होतीं तो वह आरूसा को एक बार फिर भारत आमंत्रित करते। मालूम हो कि पंजाब कांग्रेस आरूसा से दोस्ती को लेकर अमरिंदर पर हमलावर है। पंजाब के उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर रंधावा ने बीते हफ्ते कहा था कि राज्य सरकार आईएसआई से आरूसा के रिश्तों की पड़ताल करेगी। कैप्टन अमरिंदर ने अपने फेसबुक पेज पर आरूसा आलम की 14 तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उन्हें सोनिया गांधी, सुषमा स्वराज, मुलायम सिंह यादव, अमर सिंह, अश्विनी कुमार, यशवंत सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, महेश भट्ट, श्याम सरन और पूर्व सेना अधिकारी जगजीत सिंह अरोड़ा सहित अन्य के साथ देखा जा सकता है।

# भारत ने एलएसी पर तैनात किया 'पिनाक'

### 44 सेकेंड में दागता है 12 राकेट, 38 किमी तक साधता है सटीक लक्ष्य

**नई दिल्ली /** चीन के साथ तनाव के बीच भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपना ताकतवर %पिनाक% रॉकेट सिस्टम तैनात कर दिया है। भगवान शिव के धनुष %पिनाक% के नाम पर बना यह मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर पूरी तरह से स्वदेशी है. इसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने तैयार किया है। पिनाक 44 सेकंड में 12 रॉकेट दाग सकता है और 38 किलोमीटर दूर स्थित दुश्मन के ठिकाने पर ठीक-ठीक निशाना लगा सकता है। 6 लॉन्चरों वाली पिनाक की एक बैटरी 44 सेकंड में ताबड़तोड़ 72 रॉकेट दाग सकती है। इसका नया अवतार इसे और भी ज्यादा विध्वंसक बनाता है, जो 75 किमी से ज्यादा दूर तक बिल्कुल सटीक निशाना लगा सकता है। नए अवतार से जुड़े सारे टेस्ट भी हो चुके हैं, बस सिस्टम को अपग्रेड करना बाकी है।



पिनाक मूल रूप से मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम है। इससे सिर्फ 44 सेकेंड्स में 12 रॉकेट दागे जा सकते हैं। पिनाक सिस्टम की एक बैटरी में 6 लॉन्च व्हीकल होते हैं, इसके साथ ही लोडर सिस्टम, रेडार और लिंक विद नेटवर्क सिस्टम और एक कमांड पोस्ट होती है। एक बैटरी के जरिए टारगेट के एक किमी के दायरे को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सकता है। पाकिस्तान के साथ करगिल जंग के दौरान भी पिनाक ने अपना दम दिखाया था।

पिनाक रॉकेट सिस्टम को रूसी मूल के बीएम-21 ग्रैड्स की जगह लेने के लिए तैयार किया गया था। इसे अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में तैनात किया गया है। ऊंचाई वाले इलाके में तैनात होने की वजह से इसकी रेंज 38 किलोमीटर से कुछ ज्यादा हो जाती है। पिनाक का नया अवतार युद्ध के दौरान गेमचेंजर साबित हो सकता है। इसका रेंज 38 किमी से बढ़कर 75 किमी से ज्यादा तो होगी ही, यह गाइडेड वर्जन भी होगा। यानी इसमें शत-प्रतिशत सटीक निशाने से दुश्मन के ठिकाने को तबाह कर देने की क्षमता है।

नेविगेशन सिस्टम सीधे इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम से जोड़ा गया है। डीआरडीओ पिनाक के गाइडेड वर्जन का सफल टेस्ट कर चुका है। सन 2017 से सन 2020 के बीच रेंज टेस्ट के दौरान इसने 75 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक सटीक निशाना साधा। पिछले साल फरवरी में इसका फाइनल टेस्ट हुआ। हालांकि, कुछ तकनीकी कारणों से पिनाक का गाइडेड वर्जन अभी सेना के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध नहीं है। बढ़ी हुई रेंज के लिए लॉन्चर सिस्टम को अपग्रेड करना पड़ेगा, तभी यह 75 किमी से ज्यादा दूर तक सटीक निशाना साध सकेगा।

अगस्त 2020 में रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए पिनाक मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर के निर्माण के लिए 2,580 करोड़ रुपए की डील की थी। इसके लिए लॉर्सन एंड टुब्रो और टाटा एयरोस्पेस एंड डिफेंस को कॉन्ट्रैक्ट मिला है। सरकारी कंपनी बीईएमएल को रॉकेट लॉन्चर के लिए ट्रकों की सप्लाई का ठेका मिला है। डीआरडीओ ने पूरी तरह स्वदेशी पिनाक की तकनीक को देश के प्राइवेट सेक्टर को सफलता से ट्रांसफर किया है। पिनाक से जुड़े 6 नए रेजिमेंट्स में 4 के लिए कॉन्ट्रैक्ट एल एंड टी को मिला है, जबकि बाकी 2 के लिए टाटा एयरोस्पेस एंड डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग करेगी।

# किसान आंदोलन के 11 महीने पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन की घोषणा



**लखीमपुर /** किसान आंदोलन के 11 महीने पूरे होने पर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने तहसील और जिला मुख्यालयों पर देशव्यापी विरोध का आह्वान किया है। एसकेएम ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह लखीमपुर खीरी घटना के सिलसिले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग पर जोर देने के लिए है। एसकेएम ने कहा, ÷ये विरोध भारत के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन के साथ समाप्त होगा, जिसे जिला कलेक्टरों / मजिस्ट्रेटों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में 3 अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों समेत कुल आठ लोगों की मौत हो गई थी। घटना के सिलसिले में टेनी के बेटे आशीष मिश्रा और 12 अन्य को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय किसानों ने हिंसा के लिए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा %टेनी% और उनके बेटे को जिम्मेदार ठहराया। उत्तर-मध्य उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में मंत्री के काफिले का हिस्सा रहे एक वाहन ने उन्हें कथित तौर पर कुचल दिया। हालांकि, अजय मिश्रा टेनी ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा था कि उनका बेटा घटना स्थल पर मौजूद नहीं था। आशीष ने वही दोहराया और आरोपों का खंडन किया। बाद में मामले में आशीष मिश्रा समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एसकेएम ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने एनआरआई दर्शन सिंह धालीवाल, जो किसान आंदोलन के प्रबल समर्थक थे, को शिकागो से आने के बाद भारत में प्रवेश नहीं करने दिया। एसकेएम ने कहा, ÷उन्हें देश में आने की अनुमति दिए बिना वापस भेज दिया गया था। भारत सरकार का अलोकतांत्रिक और सत्तावादी व्यवहार अस्वीकार्य है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

## पांच दिनी दीपोत्सव का शुभारंभ 2 नवंबर से

### -धनतेरस से दीपावली तक बिजली की मांग में होगा इजाफा



**भोपाल ।** पांच दिनी दीपोत्सव का शुभारंभ 2 नवंबर से होगा। दीपोत्सव के दौरान बिजली की तुलनात्मक खपत बढने् की उम्मीद है। शहर में सवा तीन लाख घरों, दुकानों, दफ्तरों पर रोशनी की जाएगी। इसी से दैनिक बिजली की मांग में इजाफे होने का अंदाजा लगाया जा सकता है। पहले दिन यानी धनतेरस को बिजली की मांग सर्वाधिक बनी रहने की उम्मीद है। इस दिन सरकारी दफ्तर खुले रहते हैं। औद्योगिक इकाइयों में भी काम होता है। बाजार में सबसे ज्यादा रोशनी व व्यापार का बोलबाला रहता है। दीपोत्सव के दौरान घरेलू बिजली की मांग तो पांचों दिन तुलनात्मक रूप से ज्यादा होती है, लेकिन दीपावली के दिन औद्योगिक गतिविधियां लगभग बंद रहती हैं, हजारों शासकीय कार्यालयों में अवकाश होने से मांग में कम रहती है।

## लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री ने की शिकायत, लगाया आरोप

### - खनिज मंत्री के गृह क्षेत्र पन्ना में रेत का चल रहा अवैध खनन
### - प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की भी सहमति
### प्रदेश में अवैध रेत खनन हो रहा है, लोकायुक्त करें जांच

**भोपाल /** राज्यसभा सदस्य व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मंगलवार दोपहर लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रदेश में अवैध रेत खनन के मामले को लेकर लोकायुक्त से शिकायत की है। मीडिया से चर्चा में सिंह ने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में अवैध रेत उत्खनन का मामला बड़े पैमाने पर चल रहा है। अवैध रेत खनन में जिला कलेक्टर, खनिज अधिकारी और भाजपा के कई नेता शामिल हैं। दिग्विजय का आरोप है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की भी अवैध रेत खनन मामले को लेकर सहमति है। मध्य प्रदेश से



निकाली जा रही रेत उत्तर प्रदेश भेजी जा रही है। एक अन्य सवाल में उन्होंने कहा कि बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष को एक मामले में सजा हो चुकी है। ऐसे में यदि मैंने उन्हें गुंडा कहा तो क्या गलत कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेत का अवैध खनन बड़े पैमाने पर चल रहा है। खनिज मंत्री (ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह) के गृह जिले पन्ना में बड़े स्तर पर अवैध खनन हो रहा है। इसको लेकर दिग्विजय ने मंगलवार को लोकायुक्त से मिलकर की है। उन्होंने दावा कि शिकायत सबूतों के साथ की गई है। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि अवैध रेत खनन में जिला कलेक्टर, खनिज अधिकारी और भाजपा के कई नेता शामिल हैं।

## शिल्पकारों की पहली पसंद है कटनी जिले का सेंड स्टोन

### 9 नवम्बर से 28 नवम्बर तक स्टोन आर्ट फेस्टिवल में होगा आयोजन



**भोपाल/कटनी /** कटनी जिले के पुरातन किले, शानदार शिल्पकला के लिए पहचान रखने वाले मंदिर और उनमें की गई शानदार नक्काशी, देखकर लोग आज भी दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। शिल्पकारों ने अपनी कला को जिले में निकलने वाले पत्थरों पर ही उकेरा और आज वे ऐतिहासिक कलाकृतियां हमारे पास धरोहर के रूप में मौजूद हैं। जिले का सेंड स्टोन उस समय शिल्पकला के कारीगरों के लिए जितना उपयोगी था, उतना आज भी है। वर्तमान समय में पत्थरों को शिल्प का रूप देने आधुनिक साधन उपलब्ध हैं लेकिन उसके बाद भी जिले के सेंड स्टोन की मांग कई प्रदेशों में है और यह मांग इसलिए है कि जिले में निकलने वाला स्टोन साफ्ट होता, जो कारीगरी के लिए उपयुक्त माना जाता है।

खनिज अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि जिले की रीठी तहसील में घनिया व डांग ग्राम पंचायत के क्षेत्र में बड़े स्तर पर सेंड स्टोन की खदानें हैं। वर्तमान में चार बड़ी खदानों की स्वीकृति खनिज विभाग से है। रीठी की खदानों से निकलने वाले सेंड स्टोन की कटनी ही नहीं बल्कि कई प्रदेशों में मांग है। वर्षों से सेंड स्टोन पर कारीगरी का काम करने वाले खरे स्टोन के प्रोप्राईटर राजू खरे के अनुसार जिले का सेंड स्टोन पूरे हिन्दुस्तान में जाता है। जिसमें से विशेष रूप से जयपुर, दिल्ली, कोटा, ग्वालियर, चंडीगढ़, उदयपुर, जबलपुर, नागपुर शामिल हैं। इनके अलावा अन्य कई बड़े शहरों में शिल्पकला के लिए कटनी के पत्थर की मांग है।

#### जालियां, मंदिर, स्टेचू तैयार करने में आसानी

वैसे तो जिले में निकलने वाले सेंड स्टोन को घरों में फर्श, छत, दीवारों में उपयोग होता है लेकिन सबसे अधिक मांग इन दिनों घरों, गार्डन को खूबसूरत बनाने के लिए आर्च, जालियां, स्टैचू, मंदिर, पिलर, आदि तैयार करने को लेकर है। जिले की खदानों में तीन रंग का सेंड स्टोन पाया जाता है। जिसमें लाल, हरा और पीला रंग शामिल है और इनके माध्यम से ही शिल्पकला के कारीगर देशभर में लोगों को अपनी कला से प्रभावित कर रहे हैं।

#### -स्टोन फेस्टिवल में देशभर के आर्टिस्ट दिखाएंगें हुनर

जिले सेंड स्टोन की खासियत को देखते को जिला प्रशासन एक जिला एक उत्पाद के तहत शहर के जागृति पार्क में 9 नवंबर से 28 नवंबर तक स्टोन आर्ट फेस्टिवल ''आधारशिला'' का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें देशभर के शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। देशभर के शिल्पकार फेस्टीवल में शामिल होंगे और जिले के सेंड स्टोन, मार्बल पर कलाकृतियां उकेरेंगे। उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और नीलामी भी होगी। साथ ही सबसे बेहतरीन कलाकृति को पुरस्कृत भी किया जाएगा।



## वन-टू-वन

### शमी के समर्थन में आये पाक विकेटकीपर रिजवान



**दुबइ।** टी20 विश्व कप 2021 में भारतीय टीम की करारी हार के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणियां पर पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने निराश जतायी है। रिजवान ने एक ट्वीट कर शमी का समर्थन किया और सोशल मीडिया पर उन्हें कोसने वालों को जमकर फटकारा है। रिजवान ने ट्वीट किया, जिस तरह का दबाव, संघर्ष और त्याग एक खिलाड़ी को अपने देश और अपने लोगों के लिए खेलते हुए करना होता है, उसका अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता। शमी एक स्टार खिलाड़ी हैं और दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में शामिल हैं। उनकी इज्जत कीजिए क्योंकि यह खेल लोगों को करीब लाने के लिए है न कि उन्हें बांटने के लिए। रिजवान ने भारत के खिलाफ मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी की थी। रिजवान ने इस मैच में शमी की गेंदों को जमकर पीटा था। पाकिस्तान की पारी का 18वां ओवर शमी फेंकने आए थे। उनके इस ओवर की पहली गेंद पर रिजवान ने 6 और अगली दो गेंदों पर 2 चौके लगाये थे। शमी इस मैच में काफी महंगे साबित हुए थे. उन्होंने 3.5 ओवर में कुल 43 रन दिए थे और भारतीय टीम की हार की एक वजह यह भी थी।

### प्रीमियर लीग मैच में रोनाल्डो ने विरोधी खिलाड़ी से की मारपीट , भड़के प्रशंसक

**ओल्ड ट्रैफर्ड।** प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लीवरपूल के एक खिलाड़ी के साथ मारपीट करते देखा गया। इसपर प्रशंसकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रोनाल्डो को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर कर देना चाहिये था। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसके बाद से ही लिवरपूल के प्रशंसक भड़के हुए हैं। इस मामले की शुरुआत ब्रूनो फर्नांडीस द्वारा अपनी राष्ट्रीय टीम के साथी को गेंद देने से होती है। हालांकि, लिवरपूल के गोलकीपर एलिसन बेकर के समय पर बीच में आने से रोनाल्डो गेंद को अपने कब्जे में नहीं ले पाये थे। गेंद निकल जाने से नाराज रोनाल्डो उसे लेने के लिए कोने की तरफ दौड़े पर तभी कर्टिस जोन्स बीच में आ गये। टचलाइन पर गेंद के लिए रोनाल्डो ने जोन्स के साथ लड़ाई की और इसी दौरान उन्हें लात मारते हुए देखा गया और जल्द ही, लिवरपूल के कर्टिस और रोनाल्डो के बीच हाथापाई होने लगी। रोनाल्डो को इस घटना के लिए रेफरी एंथनी टेलर ने एक पीला कार्ड दिखाया था, जिससे नाराज लोगों ने कहा कि उसके लाल कार्ड दिखाकर बाहर करना था। इस घटना के बाद प्रशंसकों ने जमकर अपनी नाराजगी जताई है। मैच के बाद लिवरपूल के बॉस जुर्गन क्लॉप ने भी कहा कि यह मामला उन्हें एक लाल कार्ड की तरह लग रहा था।

### कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध मुनाफा सात प्रतिशत घटकर 2,032 करोड़ रुपये

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने बताया कि सितंबर 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा लगभग सात प्रतिशत घटकर 2,032 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 2,184 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कोटक महिंद्रा बैंक ने बताया कि वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान कुल आय बढ़कर 8,408.87 करोड़ रुपये हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में यह 8,252.71 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय, वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही के 3,897 करोड़ रुपये से तीन प्रतिशत बढ़कर 4,021 करोड़ रुपये हो गई। तिमाही के दौरान शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.45 प्रतिशत था। परिसंपत्ति के मामले में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्ति (या खराब ऋण या एनपीए) सितंबर 2021 तिमाही के अंत तक 3.19 प्रतिशत हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि के अंत तक 2.55 प्रतिशत थी। बैंक का शुद्ध एनपीए 0.64 प्रतिशत से बढ़कर 1.06 प्रतिशत पर था। सितंबर तिमाही के लिए बैंक के फंसे हुए ऋणों और आकस्मिकताओं के प्रावधानों को एक साल पहले की तिमाही में अलग रखे गए 333.22 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 423.99 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

### अमेजन के न्यूयॉर्क वेयरहाउस में यूनियन के गठन की कवायद शुरू

**न्यूयॉर्क)।** अमेरिका के राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने कहा है कि न्यूयॉर्क में अमेजन वितरण केंद्र में यूनियन के गठन के लिए कर्मचारियों की पर्याप्त रुचि है। इससे पहले सोमवार को यूनियन के आयोजकों ने बोर्ड को मजदूर संघ के पक्ष में सैकड़ों हस्ताक्षर सौंपे, जो यूनियन के गठन के लिए मतदान की दिशा में एक प्रमुख कदम है। यह कवायद सफल हुई तो अमेरिकी के सबसे बड़े ऑनलाइन रिटेलर में यह पहली यूनियन होगी। अमेजन में यूनियन के गठन के लिए पिछले एक साल में यह दूसरी कोशिश है। इससे पहले अलबामा में ऐसी ही कोशिश हो चुकी है। ताजा घटनाक्रम के संबंध में अमेजन के पूर्व कर्मचारी और अब नवेली अमेजन लेबर यूनियन का नेतृत्व कर रहे क्रिश्चियन स्मॉल ने कहा यह एक छोटी सी जीत है। हम जानते हैं कि लड़ाई अभी शुरू हुई है। माना जा रहा है कि करीब 5500 कर्मचारियों में कम से कम 30 प्रतिशत से यूनियन के पक्ष में हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यूनियन के लिए मतदान का रास्ता साफ हुआ।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन बदलावों के साथ उतरेगी टीम इंडिया

### ईशांत, शार्दुल ओर अश्विन को मिलेगा अवसर



**दुबई।** टीम इंडिया 31 अक्टूबर को टी20 विश्व कप क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले अपने दूसरे मैच में तीन बदलावों के साथ उतर सकती है। हार्दिक पंडया पंड्या, भुवनेश्वर कुमार ओर वरुण चक्रवर्ती की जगह पर ईशांत किशन, शार्दुल ठाकुर ओर अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को शामिल किया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में हार्दिक, भुवनेश्वर और वरुण का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। पाकिस्तान के खिलाफ मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम के लिए मुकाबले में बने रहने के लिए इस दूसरे मैच में जीत दर्ज करना बेहद जरुरी है। पहले ही मुकाबले में टीम की करारी हार के बाद टीम चयन को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। पंड्या , भुवनेश्वर को अंतिम ग्यारह में मौका देने और आर अश्विन को बाहर बैठाए जाने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं क्योंकि पंड्या कमर की सर्जरी के बाद से ही गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं और पूरी तरह से फिट नहीं होने के बाद भी पाक के खिलाफ उन्हें बतौर बल्लेबाज टीम में शामिल किया गया था। वहीं भुवी भी पिछले कुछ समय से लय में नहीं हैं, आईपीएल के अलावा अभ्यास मैच में भी उनकी गेंदबाजी अच्छी नहीं थी। ही रहे थे. पहले मुकाबले में भारतीय टीम का टीम संयोजन भी सही नहीं था। जिसे ठीक करने अब चोटिल पंड्या की जगह ईशान किशन। वहीं अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को स्पिनर वरुण जबकि भुवी की जगह पर ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को उतारा जाना तय नजर आता है। शार्दुल ने पिछले कुछ समय में अच्छी गेंदबाजी की है। उनके होने से निचले क्रम पर बल्लेबाजी भी बेहतर होगी। पिछले 2 साल में शार्दुल के प्रदर्शन की बात करें तो वो सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज रहे। 14 पारियों में उन्होंने 23 विकेट लिए थे। पाक के खिलाफ मुकाबले में वरुण में आत्मविश्वास की भी कमी दिखी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले में टीम पर दबाव भी काफी होगा और ऐसे में टीम को अनुभवी गेंदबाज के तौर पर अश्विन को शामिल करना होगा।

### शोएब मलिक को देख जीजा जी बोलने लगे प्रशंसक

**दुबई।** पाकिस्तान के क्रिकेटर शोएब मलिक के प्रशंसकों की भारत में कमी नहीं है। इसका कारण यह भी है कि वह टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के पति हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए टी20 विश्व कप मुकाबले में भी इसका



एक नजारा देखने को मिला। फील्डिंग के दौरान शोएब को भारतीय प्रशंसक जीजा जी, जीजा जी कहकर पुकारने लगे। इसका वीडियो स्वयं सानिया ने साझा किया है। सानिया भी यह वीडियो देखकर हंसे बिना नहीं रह पायीं। शेयर होने के कुछ घंटों बाद ही इस वीडियो को 4 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। इससे पहले भी शोएब के साथ ऐसा मामला हुआ है। साल 2018 के एशिया कप के एक मैच में जब वो बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे थे। तब भी भारतीय प्रशंसकों ने उन्हें चिल्लाकर कहा था, जीजू एक बार इधर देख लो। शोएब मलिक ने भी प्रशंसकों को निराश नहीं किया था और उन्हें देखकर हाथ हिलाया था।

### हार्दिक के कंधे की चोट गंभीर नहीं : बीसीसीआई

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में लगी चोट गंभीर नहीं पायी गयी है। ऐसे में वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 31 अक्टूबर को होने वाले दूसरे मैच के लिये उपलब्ध रह सकते हैं। पाक के खिलाफ हालांकि पंड्या का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह केवल 11 रन ही बना पाये थे। इसी दौरान एक गेंद उनके कंधे पर भी लग गयी थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ' हार्दिक के स्कैन की रिपोर्ट आई है और उनकी चोट बहुत गंभीर नहीं है। इसके अलावा दो मैचों में छह दिन का अंतर है जिससे उनके पास चोट से उबरने के लिए पर्याप्त समय होगा।' उन्होंने साथ ही कहा, ' निश्चित तौर पर मेडिकल टीम अभ्यास सत्र के दौरान उनकी स्थिति पर नजर रखेगी।' पंड्या ने हाल में कहा था कि वह नॉकआउट चरण में

# आईसीसी ने लाहिरू और लिटन पर जुर्माना लगाया




**दुबइ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आचार संहिता उल्लंघन के लिए श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा और बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास पर जुर्माना लगाया है। लाहिरू और लिटन टी20 विश्व कप सुपर 12 चरण के मैच के दौरान आपस में भिड़ गये थे जिसके लिए उनपर मैच फीस का 25 और 15 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इन दोनो के बीच मैदान पर जमकर बहस हुई थी जिसके बाद अंपायर और अन्य खिलाड़ियों को दखल देना पड़ा था।

आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा, 'श्रीलंकाई गेंदबाज लाहिरू और लिटन को आईसीसी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।' इसमें कहा गया, 'श्रीलंकाई खिलाड़ी पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना और एक नकारात्मक अंक लगाया गया है। वहीं लिटन पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना और एक नकारात्मक अंक लगाया गया।'लाहिरू पर आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का आरोप है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए भड़काने वाली भाषा के इस्तेमाल या हरकत करने को लेकर है जबकि लिटन खेल भावना के विपरीत आचरण का दोषी पाया गया। मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने सजा तय की, जिसे आईसीसी क्रिकेट परिचालन विभाग ने मंजूरी दी। दोनों खिलाड़ियों ने सजा स्वीकार कर ली इसलिए इस मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

# पाक प्रशंसकों ने रमीज से पूछा, ब्लैंक चेक का क्या हुआ



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नए अध्यक्ष रमीज राजा अपने एक बयान के कारण फंस गये हैं। टी20 विश्व कप शुरु होने से पहले रमीज ने कहा था कि अगर पाक टीम भारत को हरा देती है तो उसे एक ब्लैंक चेक दिया जाएगा। तब शायद रमीज को अंदाजा नहीं था कि उनकी टीम भारत से जीत जाएगी। पाक खिलाड़ियों ने लगता है इस बात को ज्यादा ही गंभीरता से ले लिया और पहले ही मैच में अपने प्रदर्शन से सबको हैरान करते हुए भारतीय टीम को हरा दिया। इसके बाद अब पाक प्रशंसक रमीज से पूछ रहे हैं कि आपने जिस ब्लैंक चेक की बात की थी वह कहां है।

रमीज ने भारत-पाकिस्तान मैच से पहले कहा था कि मुझसे पाकिस्तान के एक निवेशक ने वादा किया है कि अगर टी20 विश्व कप में टीम भारत को हरा देती है, तो उसके लिए ब्लैंक चेक तैयार है। वैसे, हमारे देश में क्रिकेट ही नहीं बाकी खेल भी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं पर एक निवेशक ने बड़ा वादा किया है। अब जबकि पाक टीम यह मैच जीत चुकी है, तो ट्विटर पर लोगों ने रमीज से जवाब मांगना शुरू कर दिया। लोगों ने पीसीबी प्रमुख से पूछा कि अब वो कारोबारी कहां हैं, जिसने ब्लैंक चेक देने का वादा किया था। एक ट्विटर यूजर ने लिखा, हेलो मिस्टर चेयरमैन रमीज राजा! आपको याद दिला रहा हूं। कृपया उस कारोबारी को बुलाएं, जिसने टीम के लिए एक ब्लैंक चेक की पेशकश की थी। वहीं क्रिकेट ऑथर और होस्ट विक्रम साठये ने भी मजेदार ट्वीट किया।

### शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में हुई अच्छी लिवाली (खरीददारी) से बाजार में यह उछाल आया है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 383.21 अंक करीब 0.63 फीसदी की बढ़त के साथ ही 61,350.26 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का पचास शेयर वाला निफ्टी भी 143 अंक



तकरीबन 0.79 फीसदी के लाभ के साथ ही 18,268.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक करीब चार फीसदी बढ़ा है। वहीं टाइटन, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयर भी ऊपर आये हैं। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ. रेड्डीज और टीसीएस के शेयरों में गिरावट आई है। जानकारों के अनुसार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बाजार लाभ के साथ बंद हुआ। इसकी वजह सकारात्मक वैश्विक रुख है। इससे पहले सुबह बाजार की तेजी से शुरुआत हुई। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में आई बढ़त से बाजार में यह उछाल आया है। इस दौरान सेंसेक्स ओर निफ्टी में अच्छी बढ़त रही। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब छह फीसदी की बढ़त टेक महिंद्रा के शेयरों में आई। इसके अलावा भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एलएंडटी, आईटीसी और एसबीआई के शेयर भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, एचयूएल और डॉ रेड्डीज के शेयर नीचे आये।

# नवंबर में सेल कर्मियों की छह से 10 हजार रुपए तक बढ़कर आएगी सेलरी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टील प्रधिकरण लिमिटेड (सेल) कर्मचारियों को शानदार तोहफा मिला है। उनके वेतन-भत्ते में रिवीजन पर सहमति बन गई है। नेशनल ज्वायंट कमेटी फॉर स्टील (एनजेसीएस) की कोर ग्रुप की बीते हफ्ते बैठक में प्रबंधन और कामगारों की यूनियनों के बीच समझौता हो गया। नई दिल्ली के होटल अशोका में आयोजित बैठक में शामिल रहे हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) के नेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि नए समझौते के अनुसार सेल के सभी कर्मियों को 26।05 प्रतिशत वेतन-भत्ता देने पर सहमति बनी है।



इस समझौते से देश भर में सेल के विभिन्न प्लांटों और इकाइयों में कार्यरत 70 हजार से ज्यादा कामगारों को छह से दस हजार रुपये तक का मासिक लाभ हो सकता है। बैठक में सेल के शीर्ष प्रबंधन के अधिकारियों के साथ विभिन्न मान्यता प्राप्त श्रमिक यूनियनों एटक, इंटक, एचएमएस, सीटू और बीएमएस के प्रतिनिधि शामिल रहे। समझौते के बाद सेल प्रबंधन और तीन श्रमिक यूनियनों एटक, इंटक, एचएमएस के प्रतिनिधियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर दिया, जबकि दो यूनियनों सीटू और बीएमएस ने 28 प्रतिशत से कम भत्ते पर असहमति जतायी है। एचएमएस नेता राजेंद्र सिंह के अनुसार, सेल के कामगारों का वेतन पुनरीक्षण 1 जनवरी 2017 से ही लंबित था। यूनियनों की ओर से 30 प्रतिशत भत्ते की मांग की जा रही थी, लेकिन दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस और विचार-विमर्श के बाद 26।05 प्रतिशत भत्ते के भुगतान पर प्रबंधन ने सहमति जता दी। प्रबंधन ने जनवरी 2020 से नये समझौते के अनुसार सभी कामगारों को एरियर देने पर भी सहमति जाहिर की है।

# दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बनने की राह पर आगे बढ़े एलन मस्क, एक दिन में कमाए 2,71,577 लाख करोड़



**वाशिंगटन।** इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ डॉलर यानी एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली टेस्ला अमेरिका की छठी कंपनी है। सोमवार को कंपनी के शेयरों में 12 फीसदी से अधिक तेजी आई। इससे कंपनी के सीईओ एलन मस्क की नेटवर्थ में 36.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। यह किसी अमीर की नेटवर्थ में एक दिन में आई अब तक की सबसे बड़ी उछाल है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 289 अरब डॉलर पहुंच गई है। सोमवार को दो पॉजिटिव खबरों से टेस्ला के शेयरों में उछाल आ गई और यह 12 फीसदी की तेजी के साथ 1025 डॉलर पर बंद हुआ। हर्ट्ज ने अपने बेड़े में 100,000 टेस्ला कारों को शामिल का ऑर्डर दिया है। साथ ही मार्गन स्टेनले ने टेस्ला के शेयर का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1,200 डॉलर कर दिया है। शेयरों में तेजी से टेस्ला का मार्केट कैप एक लाख करोड़ डॉलर यानी एक ट्रिलियन डॉलर के पार कर गया। हालांकि यह दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एप्पल से आधी से भी कम है। एप्पल का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ डॉलर है। इसके साथ ही मस्क अमीरी के रेस में ऐमजॉन के जेफ बेजोस से कहीं आगे निकल गए हैं।

### नवंबर महीने में 17 दिन तक बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** नवंबर 2021 में धनतेरस, दिवाली, भाई दूज, छठ पूजा, गुरुनानक जयंती जैसी छुट्टियां पड़ने वाली है। महीने में कुल 17 दिन बैंक बंद रहेंगे। इस महीने में कई दिन लगातार बैंक बंद रहेंगे, ऐसे में अगर आपको भी कोई जरूरी कम निपटाना हो तो तुरंत निपटा लेने चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर के लिए आधिकारिक बैंक छुट्टियों की सूची जारी कर दी है, जिसके अनुसार, नवंबर माह में 17 छुट्टियां है। इस दौरान भारत के कई शहरों में कई दिन लगातार बैंक बंद रहेंगे। इन 17 छुट्टियों में साप्ताहिक छुट्टियां भी शामिल हैं। आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, रविवार के साथ-साथ महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को भी बैंक बंद रहते हैं। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत आरबीआई ने 1, 3, 4, 5, 6, 10, 11, 12, 19, 22 और 23 नवंबर को छुट्टी की घोषणा की है। इसके अलावा महीने में चार रविवार व दूसरे व चौथे शनिवार को भी छुट्टी रहेगी।

### दीवाली पर खरीददारों को दिए जाएंगे आम्रपाली के ग्रेटर नोएडा प्रोजेक्ट के 150 घर




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि आम्रपाली समूह के संकट में फंसने के बाद से उसकी एक अटकी पड़ी परियोजना में एनबीसीसी द्वारा तैयार किए गए करीब 150 फ्लैट रियल एस्टेट कंपनी के घर खरीदारों को दिवाली पर दिए जाएंगा। शीर्ष न्यायालय को बताया गया कि ग्रेटर नोएडा की एक परियोजना में 150 घर खरीदारों को 4 नवंबर को प्रस्तावित एक समारोह में मकान के स्वामित्व का पत्र सौंपा जाएगा। न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने इन कोशिशों की सराहना की। दरअसल, वरिष्ठ अधिवक्ता आर वेंकटरमानी ने न्यायालय को बताया कि 300 फ्लैट का निर्माण पूरा होने के करीब है और इनमें से 150 फ्लैट को एनबीसीसी ने पूरा किया है तथा इन्हें आगामी त्योहार के दौरान ग्राहकों को सौंपा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑटो पलटने से घायल हुए व्यक्तियों को डायल-100 ने पहुंचाया अस्पताल

**भिण्ड।** भिंड के थाना रोन अंतर्गत ग्राम गौरई हा.से.स्कूल के पास एक ऑटो पलट जाने से चार-पांच-व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें डायल-100 के स्टाफ करन सिंह एवं प्रधानआरक्षक 45 इंद्रवीर सिंह पायलेट वाशु शर्मा द्वारा तत्काल डायल-100 ने प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र रौन पहुंचाया। एफआरवी स्टाफ से प्राप्त जानकारी अनुसार जगन्नाथपुरा से भिण्ड की और जा रहा ऑटो गौरई-परसाला मोड़ के बीच ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ जाने के कारण सड़क से नीचे उतरकर पलट गया एवं ऑटो में सवार 1.मंगल सिंह पुत्र कालीचरण उम्र 30 वर्ष निवासी जगन्नाथपुरा, 2.राहुल पुत्र राजपाल राजावत 29 वर्ष निवासी मणीजैतपुरा, 3.अंश पुत्र प्रदीप सिंह उम्र 10 वर्ष निवासी मणीजैतपुरा, 4.सरलादेवी पत्नी प्रदीप सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी मणीजैतपुरा घायल हो गये। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार कराया गया।



### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 170 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 170 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में एडीएम प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदकों को उनके द्वारा दिए गए आवेदनों की पावती उपलब्ध कराई।



### जैन महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का आयोजन

**भिण्ड।** बीते शुक्रवार को नीति आयोग एवं भारतीय शिक्षण मण्डल के तत्वावधान में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भिंड जिले के जैन महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का आयोजन भारतीय शिक्षण मण्डल भिंड द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यर्पण करके किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय शिक्षण मण्डल के प्रांत मंत्री डॉ शिवकुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नवीनीकरण एक नए स्तर पर किया गया है जिसमे विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के नए नए आयाम जोड़े गए है कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता पर माल्यार्पन कर किया गया स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनिता जैन के द्वारा किया गया कार्यक्रम में संगठन गीत प्रान्त प्रमुख युवा आयाम भारतीय शिक्षण मण्डल दीप सिंह तोमर के द्वारा किया गया संगठन परिचय अश्वनी सिंह भदौरिया द्वारा दिया गया मंच संचालन प्रो.हरेन्द्र शर्मा के द्वारा किया कार्यक्रम के मध्य में जिला संयोजक भारतीय शिक्षण मण्डल डॉ योगेंद्र यादव द्वारा श्रोताओं को बागबानी के बारे में अवगत कराया गया जिसकी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अहम भूमिका है कार्यक्रम के सूत्रधार जैन महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्र शिवम राजावत तथा शा.एम.जे.एस. महाविद्यालय की छात्रा सृष्टि जैन का भारतीय शिक्षण मण्डल ने सफल कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।



### 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा

**भिण्ड ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले के विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला मुख्यालय पर ''राष्ट्रीय एकता'' की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस, वर्दीधारी बलों और अन्य एजेंसियों द्वारा 31 अक्टूबर को मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर साइकिल और मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम आयोजित करते समय कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन सुनिष्चित कराने के निर्देष दिए है। 31 अक्टूबर 2021 राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारी/ कर्मचारियों को मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूॅ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा।

# स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले हुआ जन जागरण यात्रा का भव्य आयोजन



**भिण्ड।** मंगलवार को पूर्व में निश्चित स्थान दबोह से जन जागरण यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें दबोह नगर में नुक्कड़ सभाएं एवं पैदल यात्रा निकालकर स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ कि आमजन से अपील की गई। यात्रा दमोह से प्रारंभ होकर आलमपुर पहुंची जहां पर कन्या शाला स्कूल के पास मुख्य बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर पैदल यात्रा से आलमपुर की गलियों में स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आग्रह लोगों से किया गया। यात्रा आगे बढ़ते हुए लहार पहुँची जहां पर पचपेड़ा चौराहे पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। नुक्कड़ सभा में प्रांत से आए हुए मुख्य वक्ताओं ने स्वदेशी अपनाने की अपील की और ऑनलाइन खरीदी का विरोध किया नुक्कड़ सभा पचपेड़ा तिराहा पर खत्म कर पैदल यात्रा के रूप में मुख्य मुख्य मार्ग से होते हुए, थाने के समीप कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल लहार पर भी एक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ कन्या शाला स्कूल से एक पैदल यात्रा स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले लोहिया चौक तक निकाली गई अंतिम पड़ाव आज की यात्रा का लोहिया चौक रहा जिसमें लोहिया चौक पर आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें स्वदेशी वस्तुओं की जानकारी एवं स्वदेशी से संबंधित पत्रक भी आमजन को वितरित किए गए। आम सभा में केशव जी दिवालिया एवं बृजमोहन शर्मा जी ने स्वदेशी से संबंधित अपने विचार रखे और आमजन को स्वदेशी वस्तुओं की खरीद के लिए प्रेरित किया।

स्वदेशी जागरण मंच की जन जागरण यात्रा में केशव दिवोलिया (प्रांतीय संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच पूर्व मुरैना विभाग प्रचारक , ब्रजमोहन जी शर्मा विभाग संयोजक मुरैना विभाग स्वदेशी जागरण मंच, अमृत राजे सह संयोजक ग्वालियर महानगर स्वदेशी जागरण मंच, संतोष राजोरिया जिला संयोजक स्वदेसी जागरण मंच जिला भिण्ड, मनोज थापक सह जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच भिण्ड, राजेश पचौरी जी पूर्ण कालिक, राम किशोर उपाध्याय जी लेखक एवं प्राध्यापक, रामकिशोर उपाध्याय, महेश महते, सुरेश गुप्ता, विकास दुवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ऑनलाइन खरीदी न करते हुए लोकल फॉर वोकल का प्रचार प्रसार करना और अन्य लोगो को भी जागरूक करना यात्रा का मुख्य उद्देश्य रहा। यात्रा में राकेश महते, केदार चौधरी, अखलेश शर्मा (बंटू) संजीव चौधरी, उत्तम चौधरी, क्रांति ओझा, गणेश राठौर, अवनीश शर्मा (टिंकू ), एडवोकेट सुमित महते, दीपू शर्मा, जितेंद्र शर्मा (संचालक प्राइवेट स्कूल), एडवोकेट देवेंद्र कुशवाह, अनिकेत शुक्ला, दिलीप कुमार , संजू नौरोजी, राहुल कुमार, प्रदुम्न सिंह, जगत सिंह सक्या, राजाबाबू सक्या, सागर बाजपेयी, जितेन्द्र दिवाकर, संतोष कुमार एवं अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने कृषि उपज मण्डी स्थित खाद वितरण केन्द्र का किया निरीक्षण

### कलेक्टर ने दी किसानों को खाद वितरण संवंधी जानकारी

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कृषि उपज मण्डी भिण्ड स्थित खाद वितरण केन्द्र का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर खाद लेने हेतु आधार कार्ड एवं भू-ऋण पुस्तिका साथ लाने समझाइश दी। कलेक्टर ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि नगद वितरण में डीएपी, यूरिया एवं अन्य खाद प्राप्त करने के लिये आधार कार्ड एवं भू-ऋण पुस्तिका की मूलप्रति एवं छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य है। साथ ही खाद वितरण कर रहे अधिकारी/कर्मचारियों को ठीक से वितरण करने एवं वितरण संबंधी जानकारी भू-ऋण पुस्तिका में अंकित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा के दौरान कहा कि भू-क्षेत्रफल के अनुसार 1 हेक्टेयर तक 2 बोरी डीएपी, 2 बोरी यूरीया, 2 हेक्टेयर तक 3 बोरी डीएपी एवं 3 बोरी यूरीया, 2 हेक्टेयर से अधिक पर अधिकतम 3 बोरी डीएपी दिया जयेगा, इससे अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार एनपीके दिया जयेगा एवं यूरीया पूर्वनुसार दिया जयेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ वितरण कर रहे दल द्वारा भू-ऋण पुस्तिका में खाद प्राप्ति की एंट्री आवश्यक रूप से की जायें।



### 1 लाख 20 हजार रूपये का 6 क्विंटल मावा पकड़ा

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। बसों एवं अन्य वाहनों में त्यौहार के समय मिलावटी मावा के परिवहन सम्भावना को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा बसों को चेक किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही दौरान मेहगांव पुलिस टीम के द्वारा एक आयशर लोडिंग क्रमांक एमपी 07 जी ए 9244 पकड़ी गई जिसमें 17 डलियां मावा मात्रा लगभग 06 क्विंटल कीमत 1 लाख 20 हजार रूपये का लदा हुआ था। पुलिस द्वारा मावा से लदी गाड़ी को थाने में लाया गया। सूचना उपरांत खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता एवं सुश्री रेखा सोनी मौके पर पहुंचे। मौके पर उपस्थित व्यक्ति जिसने अपना नाम सतेंद्र सिंह नरवरिया संचालक श्री बजरंग डेयरी ग्राम सोनी बताया और मावा पर अपनी दावेदारी बतायी। उसके द्वारा डेयरी का खाद्य लायसेंस प्रस्तुत किया गया। गाड़ी में लदे मावे की डलियों से मावा के नमूने लिए गए। थाना प्रभारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के दल द्वारा ग्राम सोनी स्थित सतेंद्र नरवरिया की डेयरी की मौके पर जाकर जांच की गई। जांच उपरांत गाड़ी में लदी 17 डलिया मावा जब्त कर डेयरी संचालक सतेंद्र नरवरिया की सुरक्षित अभिरक्षा में दिया गया।



### खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या कार्यक्रम आज

**भिण्ड।** शहर के बीएसएनएल भवन के सामने मेला प्रांगण में आज बुधवार की शाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भजन गायकार चण्डीगढ से कन्हैया मित्तल शामिल होंगे। भजन सुनने के हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहेंगे। भजन संध्या को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। खाटू श्याम की निकली विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के मुख्या बाजार परेड चौराहा होते हुए डीजे की धुन पर जमकर झूमे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन संध्या में आने के लिए लोगों को पीले चावल दिए गए। कई प्रसिद्ध भजन गायकार शिरकत करेंगे ।



# पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**भिण्ड।** किशोरी पब्लिक स्कूल में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर निरंतर कार्यक्रम चल रहे हैं उसी क्रम में निबंध प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक प्रभारी रंजीत सिंह सिकरवार और किशोरी स्पोर्ट्स तथा स्कूल संचालक राधे गोपाल यादव प्रिंसिपल धर्मेंद्र चौधरी भी मंचासीन थे कार्यक्रम के दौरान श्रेष्ठ गायन में प्रथम रही वैष्णवी शर्मा ने शहीदों के लिए तथा प्रोत्साहन गीत गाकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने पुलिस के कार्य तथा सामाजिक क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान तथा शहीद पुलिस वालों की शहादत के बारे में विस्तार से समझाया किस प्रकार से पुलिस हमारी सहयोगी होती है यह जानकारी भी बालक बालिकाओं को दी तथा बालक बालिकाओं को ट्रैफिक के नियमों की भी जानकारी दी राधे गोपाल यादव के द्वारा बताया गया कि पुलिस ने कोरोना काल में किस प्रकार से सहयोग किया हम सबको नियमों की अवहेलना न करने के साथ-साथ अन्य प्रकार से भी व्यवस्थाओं में सहयोग करने के लिए आगे आना चाहिए तभी राष्ट्र का निर्माण संभव होगा अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती आरती कुशवाह के द्वारा किया गया तथा मंच संचालन कच्चा 10 की छात्रा अपूर्वा त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अच्छी पेंटिंग बनाकर के सबका दिल जीत लिया तथा निबंध अच्छे लिखने वाले बालक वालों का भी सम्मानित हुए।

# उचित मुआवजा दिलाने एवं बिजली अधिकारी पर कार्यवाही करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए और शासकीय नौकरी एवं घायलों को 5 लाख की सहायता राशि दी जाएः मानसिंह

**भिण्ड।** दो दिन पूर्व देहात थाना अंतर्गत मन का बाग बबेड़ी के पास बिजली के तार की चपेट में आने से हुई तीन लोगों की और दो बैलो की मौत एवं घायलों को उचित मुआवजा दिलाने को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में 26 अक्टूबर की दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में मृतकों के परिजनों के साथ कलेक्टर सतीश कुमार एस को ज्ञापन सोपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ना सिर्फ प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए बल्कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा ना देने पर अग्रिम विशाल जन आंदोलन करने की चेतावनी दी।

बता दें कि बिजली विभाग की लापरवाही दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।जिस पर अंकुश लगाना प्रशासन के लिए नामुमकिन सा साबित हो रहा है। जिसके कारण आए दिन बेगुनाह लोगों की जान जा रही है। बिजली विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर घंटों अघोषित कटौती की जाती है।बावजूद इसके अभी तक बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा मेंटेनेंस पूर्ण रूप से नहीं हो सका है।जिसके कारण विभाग की लापरवाही के चलते 24 अक्टूबर की रात करीब 8:00 बजे मन का बाग बबेड़ी के पास लटकते हुए तार के संपर्क में आने से घुमंतु समुदाय (लोहपीटा) के तीन लोगों की जिनमें एक महिला,एक पुरुष एवं मासूम बच्चे की एवं दो बैलों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लिहाजा प्रशासन ने खानापूर्ति करते हुए मृतकों के परिजनों को शासन द्वारा मिलने वाली चार लाख रुपए की राशि देकर मामले को निपटाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि यह लापरवाही विद्युत विभाग के अधिकारियों की है जिसको लेकर स्थाई निवासियों के द्वारा विगत कई दिनों से शिकायत की जा रही थी लेकिन अपने दफ्तरों में आराम फरमा रहे अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया नतीजतन तीन लोगों के साथ दो बैलों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।





**कलेक्टर सतीश कुमार एस का दिखा गैर जिम्मेदाराना रवैया:** पीड़ितों को न्याय दिलाने को लेकर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा पीड़ित परिवार को साथ लेकर सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर में करीब दो घंटे तक कलेक्टर का इंतजार करते रहे तब कहीं जाकर कलेक्टर सतीश कुमार ने ज्ञापन लिया सोचने वाली बात है कि इतनी बड़ी जनहानि होने के बाद भी परिवार के साथ संवेदनाएं व्यक्त ना करते हुए कलेक्टर ने अपने दफ्तर में आराम फरमाना उचित समझा ना कि तत्काल पीड़ित परिवार से रूबरू होकर उनका दर्द बांटने का प्रयास किया।

# संपादकीय

## भूख से तंग है भारत

**लेखक- डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

हम आजादी के 75 वें साल का उत्सव मना रहे हैं और भारत में आज भी करोड़ों लोगों को भूखे पेट सोना पड़ता है। कुछ लोगों के भूख से मरने की खबर भी कुछ दिन पहले आई थी। कोरोना महामारी के दौरान हमारी सरकार ने करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज बांटकर भूखे मरने से तो जरुर बचाया लेकिन क्या देश के 140 करोड़ लोगों को ऐसा भोजन रोजाना मिल पाता है, जो स्वस्थ रहने के लिए जरुरी माना जाता है? क्या अच्छा भोजन हम उसे ही कहेंगे, जिसे करने के बाद हमें नींद आ जाए? या उसे ही कहेंगे, जिसे खाने के बाद पेट में और कोई जगह नहीं रहे? ये दोनों काम जो कर सके, वह भोजन जरुर है लेकिन क्या वह काफी है? क्या वैसा पेट भरकर कोई आदमी स्वस्थ रह सकता है? क्या उसका शरीर लंबे समय तक श्रम करने के योग्य बन सकता है? क्या ऐसा व्यक्ति अपने शरीर में आवश्यक पुष्टता, क्षमता, वजन और चुस्ती रख पाता है? इन प्रश्नों का जवाब नहीं में ही मिलता है। आज भारत की यही स्थिति है। विश्व भूख सूची में इस साल भारत का स्थान 101 वां है। भारत से बेहतर कौन हैं? हमारे पड़ौसी। पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल ! ये भारत से बहुत छोटे हैं। इनकी राष्ट्रीय आय भी भारत से बहुत कम है लेकिन आम लोगों के भोजन, स्वास्थ्य, शारीरिक रचना आदि के हिसाब से ये भारत से आगे हैं। कुल 116 देशों की सूची में भारत का स्थान 101 वां है। याने दुनिया के 100 देश हमसे आगे हैं। इन सौ देशों में सभी देश मालदार या यूरोपीय देश नहीं हैं। अफ्रीका, एशिया और लातीनी अमेरिका के गरीब देश भी हैं। विश्व भूख सूची तैयार करनेवाली संस्था चार पैमानों पर भूख की जांच करती है। एक, कुल जनसंख्या में कुपोषित लोग कितने हैं? दूसरा, पांच साल के बच्चों में कम वजन के कितने हैं? तीसरा, उनमें ठिगने कितने हैं? चौथा, पांच साल के होने के पहले कितने बच्चे मर जाते हैं? इन चारों पैमानों को लागू करने पर ही पाया गया कि भारत एकदम निचले पायदान पर खड़ा है। भारत सरकार ने उस भूख सूची प्रकाशित करनेवाली संस्था के आंकड़ों को गलत बताया है। हो सकता है कि उनकी जांच-परख में कुछ गड़बड़ी हो लेकिन जान-बूझकर भारत को भूखा दिखाने में उनकी क्या रूचि हो सकती है? भारत के पास खाद्यान्न तो उसकी जरुरत से ज्यादा है। वह 50 हजार टन काबुल भेज रहा है। पहले भी भेज चुका है। असली सवाल भूखे मरने या पेट भरने का नहीं है बल्कि यह है कि भारत के नागरिकों की खुराक यथायोग्य है या नहीं? याने उन्हें ऐसा भोजन मिलता है या नहीं कि जिससे वे सबल, सचेत और सक्रिय रह सकें?

### (चिंतन-मनन)

## स्वस्थ समाज के लिए करें आत्म जागरण

पिछले कुछ समय से अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है। इसी वजह से अध्यात्म के क्षेत्र में भी अवमूल्यन हुआ है। अतः स्वस्थ समाज के लिए आत्म जागरण जरूरी है। जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के अनुसार अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद ने प्रभाव डाला है और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक युग है। इसमें पदार्थ की अधिक इच्छा के कारण व्यक्ति अशांत रहता है। अति योगवाद स्वच्छंद और अनियंत्रित भोगवाद के कारण स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए हर मनुष्य को अनुशासित व संस्कारित होना होगा, तभी वह समाज व सृष्टि के लिए उपयोगी होगा और व्यक्ति को संस्कारित करना ही अध्यात्म का काम है। आज मनुष्य उपभोक्ता बनकर रह गया है। जागो ग्राहक के नारे पर सिर्फ बाहर से जगाया जा रहा है, जबकि आज आवश्यकता है आत्म जागरण की। आध्यात्मिक अनुष्ठान से ही व्यक्ति के अंतर को जगाया जा सकता है। मनुष्य ने जल, वायु और पृथ्वी की निरंतर उपेक्षा से बहुत कुछ बिगाड़ दिया है। आज पीने लायक जल सिर्फ डेढ़ प्रतिशत बचा है। अगर अब भी मनुष्य नहीं जागा तो जल संकट और बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम हो रहा है, ऐसे में अत्यंत प्राचीन काल में बने रामसेतु को भी संरक्षित करना चाहिए। यह धर्म विशेष नहीं बल्कि मानव मात्र की योग्यता और क्षमता का ऐतिहासिक प्रमाण भी है। उत्तरकाण्ड एक ऐसी कथा का वर्णन है जिसमें सभी का निचोड़ है। जो व्यक्ति अपनी ज्यादा प्रशंसा सुनना पंसद करता है, वह कभी ऊंचाई नहीं छू पाता। यही अवगुण दशानन रावण में भी था। वह अपनी गलती को स्वीकार न करते हुए प्रशांसा सुनने में ज्यादा मन लगाता था। रावण को कई बार उसकी पत्नी मन्दोदरी और भाई विभीषण ने समझाया लेकिन उसे बात समझ नहीं आई। इसीलिए प्रभु श्रीराम के हाथों रावण का का नाश हुआ।

## राशिफल

शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि षष्ठी, बुधवासरे, पुर्नवसु नक्षत्रें, सिद्ध योगे, वणिककरणे, मिथुन की चंद्रमा, भद्रा सुबह 6/57 अन्न प्रासन्न व्यापार लघु वृक्षारोपण, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चतुर, दार्शनिक, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शिक्षक तथा लेक्चार, प्रोफेसर, प्रिंसपाल, लिपिक तथा उत्तम व्यापारी होगा।

मेष राशि :- कार्य-व्यवस्था अनुकूल हो, समय पर सोचे कार्य अवश्य ही बन जायेंगे।

वृष राशि :- विरोधी तत्व परेशान करें, आरोप व क्लेश से असमंजस की स्थिति होगी।

मिथुन राशि :- व्यावसायिक क्षमता अनुकूल, धन लाभ व आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

कर्क राशि :- समय अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थिगित रखें तथा शासकीय कार्य में हानि होगी।

सिंह राशि :- सतर्कता से रुके कार्य निपटा लेवें, संघर्ष से सफलता के योग अवश्य बन जायेंगे।

कन्या राशि :- तर्क-वितर्क से बचें, अनेक प्रकार की बाधायें, मन असमंजस में रहे, कार्य अवरोध होगा।

तुला राशि :- धन हानि, असमंजस की स्थिति अवश्य ही बनेगी विशेष कार्य अवरोध होगा।

वृश्चिक राशि :- मान-प्रतिष्ठा, सुख-भोग, एश्वर्य एवं समृद्धि के साधन आप अवश्य ही जुटायेंगे।

धनु राशि :- मानसिक बेचैनी, तनाव संभव तथा कार्यगति में सुधार तथा चिन्ता कम होगी।

मकर राशि :- सामाजिक कार्य में प्रभुत्व वृद्धि बने, धन का लाभ तथा आशानुकूल सफलता मिलेगी।

कुम्भ राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक हो, कार्यकुशलता से संतोष तथा कठिन योजना बन जायेगी।

### (विचार मंथन)

## पाक को संदेश



-सिद्वार्थ शंकर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर का तीन दिन का दौरा पूरा कर लिया है। शाह का दौरा ऐसे समय हुआ है जब घाटी में अचानक से आतंकवाद में बढ़ोतरी हुई है। आतंकवादियों ने आम नागरिकों की चुन-चुनकर हत्या करके केंद्र सरकार व सुरक्षा बलों के सामने नई चुनौती पेश कर दी है। कश्मीर पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, आतंकियों ने इस वर्ष 28 आम नागरिकों की हत्या कर दी है। यह सब पाकिस्तान की सरकार, आर्मी, खुफिया एजेंसी आईएसआई और उसके पालतू आतंकी संगठनों के इशारों पर हो रहा है। अक्टूबर के पिछले दो सप्ताह में ही 12 आम नागरिकों और नौ आर्मी जवानों की हत्या की जा चुकी है। आतंकी कश्मीर पंडितों, सिखों और प्रवासी मजदूरों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे माहौल में शाह का यह दौरा खास मायने रखता है। शाह आम नागरिकों का खून बहाकर घाटी में फिर दहशत का माहौल पैदा करने की नापाक कोशिशों में पाकिस्तान को पराजित करने की रणनीति लेकर गए थे। संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए के निरस्त होने के बाद से गृह मंत्री का यह पहला कश्मीर दौरा था।

अमित शाह जम्मू-कश्मीर में तीन दिन रहे। उनसे पहले सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे भी जम्मू-कश्मीर गए थे। मगर शाह के दौरे ने घाटी के लोगों में विश्वास का वातावरण बनाने का काम किया है। साथ ही सेना और पुलिस के जवानों में जोश भरने का भी। शाह का दौरा ऐसे समय हुआ है जब घाटी में जवानों और नागरिकों में हताशा घर कर रही थी। अचानक से बढ़े आतंकवाद ने 370 हटने के बाद की मेहनत पर पानी फेरने का काम कर रहा है। विपक्ष के नेता भी इसी मौके की ताक में हैं। कैसे सरकार से गलती हो और वे घेरने का काम करें। इस बात की भनक सरकार को भी है। इसीलिए गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंचे और आतंकी घटनाओं पर रोक लगाने के साथ भविष्य का रोडमैप तैयार कर आए। भले ही कहा जा रहा हो कि शाह का दौरा सरकार की विकास योजनाओं के संदर्भ में रहा हो, मगर यह आधा सच है। शाह घाटी में विकास की सौगात देने आए थे, मगर यही सिर्फ दौरे का मतलब नहीं था।

आतंकवादी घटनाओं के बढ़ने के बीच शाह की कश्मीर यात्रा नरेंद्र मोदी सरकार के आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में रही, जिसके तहत बारी-बारी से 70 केंद्रीय मंत्रियो के जम्मू-कश्मीर पहुंचने का कार्यक्रम है। आंतकी घटना के बीच गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि नए जम्मू-कश्मीर का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है और आतंकी घटनाएं सरकार के इरादे नहीं बदल सकती है और ना ही सरकार का रास्ता रोक सकती है। अगर कोई भारत की अखंडता को चोट पहुंचाने की कोशिश करेगा, तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। सेना को फ्री हैंड दिया गया है। कश्मीर में पाकिस्तान की मंशा को कभी भी पूरा होने नहीं दिया जाएगा। शाह के दौरे के ऐलान के वक्त से माना जा रहा था कि वे चुनाव प्रक्रिया को बढ़ा सकते हैं, मगर अब तक राज्य के किसी भी नेता से मुलाकात न होना बता रहा है कि दौरा सिर्फ विकास तक ही सीमित रहेगा। पांच अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद गृह मंत्री की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है। जबकि केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में, शाह की यह दूसरी यात्रा है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने से 40 दिनों पहले जून 2019 में कश्मीर घाटी का दौरा किया था। आंतकी घटना के बीच भी गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि नए जम्मू-कश्मीर का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है और आतंकी घटनाएं सरकार के इरादे नहीं बदल सकती है

## मानवाधिकारों से वंचित बांग्लादेशी हिन्दू



**लेखक- डा समन्वय नंद**

पिछले दिनों सोशल मीडिया में लेटर्स फ्रम बांग्लादेश नामक एक ट्विटर हैंडल से एक वीडियो साझा किया गया था जो काफी वाइरल हो रहा है। इस वीडियो में एक हिन्दू ब्राह्मण पंडाल में मा दुर्गा की पूजा करता हुआ दिख रहे है। लेकिन सामने जो मा दुर्गा की मूर्ति है उसे तोड दिया गया है। वही तोड दिये गये प्रतिमूर्ति के सामने बैठकर ब्राह्मण दुर्गा पूजा की आवश्यक रीति नीति को संपन्न कर रहा है। इस वीडिये के साथ जो बातें लिखी गई है, यदि उसका हिदी में अनुवाद किया जाए तो कुछ इस तरह का होगा।

÷मैं बांग्लादेश का अल्पसंख्यक हिन्दू हूं। दुर्गा पूजा मेरा सबसे बडा त्योहार है। मैं हर साल दुर्गा पूजा की प्रतीक्षा मे रहता हूं जब मैं जगद्जननी मा दुर्गा की उपासना करुंगा। लेकिन मेरे मूर्ति को इसलामी गुंडो ने तोड दिया है। इसके बावजुद मैं मौन हूं। मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। मैं इसका विरोध नहीं कर सकता। इस मामले में यदि मैं कुछ बोलता हूं तो वे मेरे परिवार पर हमला कर देंगे। मेरे घर को जला देंगे। मेरी संख्या यहां काफी कम है। इसलिए मुझे इसे सहना होगा। यही कारण है कि मैं तोडे गये मूर्ति के सामने ही मेरी पूजा संपन्न कर दी है।÷

वास्तव में सोशल मीडिया में प्रसारित यह पोस्ट व वीडियो बांग्लादेश में हिन्दुओ की स्थिति को दर्शाती है। एक इसलामिक देश में हिन्दुओं की स्थिति को समझने के लिए यह पोस्ट व वीडियो पर्याप्त है।

बांग्लादेश में केवल पूजा पंडालों को ही नहीं तोडा गया है, मंदिरों पर भी हमला किया गया है। हिन्दु घरों को फूंक दिया गया है। नोआखाली से लेकर कोक्स बाजार, कोमिला, फेणी आदि अनेक स्थानों से हिन्दुओं पर सुनियोजित हमले किये गये हैं। अनेक हिन्दुओंकी हत्या कर दी गई है। हिदु महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया है। हिंसा का सिलसिला लगातार कई दिनों तक बिना रुके चलता रहा। दशहरे के बाद भी हिंसा जारी रहने की सूचनाएं मिल रही है।

दशहरे के दिन इसलामी कट्टरपंथियों ने नोआखाली के प्रसिद्ध इस्कान मंदिर पर हमला किया। इस्कान मंदिर से जुडे लोगों का कहना है कि शुक्रवार की नमाज के बाद पांच सौ से अधिक लोगों की भीड ने अचानक आकर हमला बोल दिया। इस्कान के साधु व भक्तों ने इसका वीरता के साथ प्रतिरोध किया। मंदिर की मूर्तियां तोडी गई, धर्म ग्रंथ जला दिया गया। प्रभुपाद की मूर्ति तक को नहीं छोडा गया। एक भक्त पार्थ दास का शव अगले दिन पास के तालाब से मिला। काफी नृशंससा के साथ उनकी हत्या की गई थी। उनके शरीर के कई हिस्से काट दिये गये थे। जिस तरह से हिंसा हुई मानो नोआखाली में 1946 के हिंसा दोहराया जा रहा हो। दशहरे के बाद भी रंगपुर जिले से दो गांवों में हिन्दुओं के घर व मंदिरों में आग लगाये जाने की सूचना मिल रही है। हिन्दुओं की संपत्ति के साथ साथ गाय, बैलों को भी जला दिया गया है।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका से प्रकाशित होने वाली प्रमुख समाचार पत्र डेली स्टार ने अपने अखबार में एक चार साल के बच्चे आदित्य शाह की खबर प्रकाशित की है। अखबार का संवाददाता उनके घर में जाकर बातचीत करने के बाद यह खबर प्रकाशित की है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चार साल का मासूम आदित्य अपने मा से बार बार पूछ रहा है, मां, पिताजी कब आयेंगे। आदित्य के पिताजी जतन शाह दशहरे के दिन मंदिर में गये थे। जिहादियों ने उन्हें पीट पीट कर मार डाला था। आदित्य की मा लकी कहती है कि 'मुझे में इतना साहस नहीं है कि मैं बेटे को बता सकूं कि तुम्हारे पिता अब कभी नहीं आयेंगे। 'जनत ही उनके परिवार के एक मात्र कमाने वाले व्यक्ति थे। उनकी हत्या के बाद आगे कैसे उनका परिवार चलेगा इसे लेकर परिवार को चिंता सता रही है।

ये केवल एक आदित्य की बात नहीं है या फिर एक लकी की बात नहीं है। हाल ही में हुए बांग्लादेश में हुए हिन्दू विरोधी हिंसा में ऐसे अनेक आदित्य अनाथ हो गये और ऐसे अनेक लकी हैं जो विधवा हो गई है। लेकिन उन्हे न्याय देने या फिर उनकी सूध लेने वाला कोई नहीं है।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमला कई नई बात नहीं है। बांग्लादेश को हिन्दू विहीन करने के लिए इसलामी शक्तियां इस तरह के काम लगातार करते आ रहा हैं। इसके कारण बांग्लादेश में हिन्दू आवादी केवल आठ प्रतिशत ही बची है। इस मामले को लेकर इस्कान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिख कर अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की टीम भेजने का अनुरोध किया था।

बांग्लादेश की मेनस्ट्रीम मीडिया में इन हिन्दु विरोधी हिंसा की सही रुप से रिपोर्टिंग नहीं हो रही थी। ऐसे में बांग्लादेश हिन्दू युनिटी काउंसिल व इस्कान बांग्लादेश अपने अपने ट्वीटर हैंडल से हिन्दू विरोधी हिंसा से जुडे फोटो, वीडियो व अन्य सूचनाएं जारी कर रहे थे। इससे शेष विश्व में जानकारी मिल पा रही थी। लेकिन ट्वीटर ने इन दोनों संस्थानों के ट्वीटर अकाउंट को सस्पेंड कर दिया। बांग्लादेश का सच को पूरे विश्व के सामने लाने वाले इन हैंडलों को बंद कर दिया गया।

ट्वीटर हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बातें करता है। लेकिन वास्तव में उसकी सच्चाई क्या है उसने इस कदम से स्पष्ट कर दिया। इससे एक बात और प्रमाणित हो गई। हिन्दुओ का मानवाधिकार नहीं होता। हिन्दुओं पर अत्याचार हो, उसे रोकने के लिए कार्रवाई नहीं होगी। यदि कोई वास्तविकता को सामने लाने का प्रयास करेगा तो उसका ट्विटर हैंडल को बंद कर उस चुप्प करा दिया जाएगा।

फिलिस्तीन में सामान्य कुछ होने पर तख्तियां लेकर सड़क पर आ जाने वाले लोग भी बांग्लादेश के हिन्दुओं अत्याचार पर मौन है। बांग्ला अस्मिता की बात करने वाली ममता भी चुप्प हैं। अपने आप को मानवाधिकारों के ठेकेदार बताने वाले भी लगता है गहरी निद्रा में हैं। बांग्लादेशी हिन्दुओं की चीखें राष्ट्र संघ के मानवाधिकार संगठन को भी सुनाई नहीं दे रही है। बांग्लादेशी हिन्दुओं की शायद यही नियति है।

## आयुर्वेदानुसार दिनचर्या और आहारचर्या

**विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

आधुनिक जीवन शैली के कारण अनियमित दिनचर्या और आहार चर्या के कारण अस्त व्यस्त जिंदगी होने के कारण बहुत अधिक बीमारियां होने लगी .इससे तन ,मन ,धन रोगग्रस्त होने लगे .सबको ईश्वर ने 24 घंटे दिए हैं यदि आप अपना जीवन व्यवस्थित बना सकते हैं उसके लिए कहीं अलग से धन व्यय नहीं करना पड़ता मात्र समय को देना हैं .समय का उपयोग आपको स्वस्थ्य बना सकता हैं

आयुर्वेद के इन स्वस्थ आदतों का पालन करने से शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। साथ ही व्यक्ति लंबा जीवन जीता है।

आयुर्वेद के इन स्वस्थ आदतों का पालन करने से शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। साथ ही व्यक्ति लंबा जीवन जीता है।

फिट और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का मतलब केवल अपने जीवन में अधिक बदलाव लाना और नई आदतों को शामिल करना नहीं है, यह आपकी अपनी नियमित दिनचर्या पर ध्यान देना भी है। आयुर्वेद के अनुसार, रोजमर्रा की अच्छी आदतों का पालन करके कोई भी स्वस्थ जीवन जी सकता है।

%आयुर्वेद जीवन का एक तरीका है, यह हमारी आदतों में सुधार का एक दैनिक प्रयास है। इस प्राचीन ज्ञान के मार्गदर्शन के साथ, हम अपने आहार और जीवन शैली में सुधार कर सकते हैं जिससे न केवल हम स्वस्थ रह सकते हैं बल्कि लंबा जीवन भी जी सकते हैं।%

%आयुर्वेद आपके शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है क्योंकि ये तीनों क्षेत्र जुड़े हुए हैं।% आयुर्वेद से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण आदतों को जिन्हें अपनाकर हर कोई स्वस्थ जीवन जी सकता है।


### स्वस्थ जीवनशैली के तरीके

#### जागना

आयुर्वेद के अनुसार, सुबह सूर्योदय से कम से कम एक घंटा पहले जल्दी उठ जाना चाहिए। यह एक अच्छी आदत है और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करती है। हमारे बुजुर्ग हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में जागने की सलाह देते थे। ब्रह्म मुहूर्त एक शुभ अवधि है, जो सूर्योदय से 1 घंटे 36 मिनट पहले शुरू होती है और इसके 48 मिनट पहले समाप्त होती है।

#### नस्य कर्म करें (नाक का ड्रॉप)

दो बूंद तिल का तेल, सरसों का तेल या घी अपनी नाक में डालें। यह बालों का समय से पहले सफेद होना, गंजेपन को रोकता है और अच्छी नींद आने में मदद करता है।




#### व्यायाम करें

सुबह जल्दी व्यायाम करने से शरीर की सुस्ती दूर हो जाती है। इससे शरीर रिचार्ज होता है और कायाकल्प करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा व्यायाम तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है।

#### दांतों की देखभाल

नीम (अजादिराच्ता इंडिका), खादिर (बबूल का कत्था) आदि की एक ताजा छड़ी का उपयोग करने से दांत साफ हो जाते हैं और मुंह की दुर्गंध दूर हो जाती है।

#### अभ्यंग --

शीत ऋतू में सरसो या टिल के तेल की मालिश करना चाहिए ,मालिश से रक्त का प्रवाह बढ़ता हैं और अच्छा महसूस होता हैं .

#### स्नान

आयुर्वेद के अनुसार, नियमित एक्सरसाइज के आधे से एक घंटे बाद नहा लेना चाहिए।

#### पूजा पाठ --

हर व्यक्ति को अपने जीवन के व्यस्त समय में से कुछ समय पूजा पाठ ध्यान करना चाहिए .इससे मन में शांति मिलती हैं और सकारात्मक सोच बढ़ती हैं .

#### मसाला

मसाले पाचन में मदद करते हैं, हृदय को स्वस्थ रखते हैं और सूजन से लड़ते हैं। रोजाना जीरा, धनिया, अदरक और हल्दी का सेवन करना चाहिए।

#### नींद

पर्यावरण को स्वच्छ और सुखद बनाए रखें। दिन में सोने से बचें। रात में पर्याप्त नींद लें। उचित नींद स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करती है।

#### अध्ययन करना

आजकल मोबाइल ,लेपटॉप का चलन बहुत अधिक होने से पुस्तकों ,पत्रिकाओं के पढ़ने का चलन काम होता जा रहा हैं ,जो मन पर कभी कभी विपरीत प्रभाव पड़ता हैं .पुस्तकें धार्मिक ,साहित्य ,ऐतहासिक पुस्तकें जरूर पढ़े जिससे विषय के प्रति लगाव मिलता हैं और जानकारी मिलती हैं .

### खाने से जुड़े कुछ नियम पालन करने से पाचन संबंधी समस्याओं से बचे रहेंगे।

खाना हमारी दैनिक दिनचर्या का जरूरी हिस्सा है। जीवित रहने के लिए लोगों को खाने की जरूरत होती है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हम ज्यादा सोच-विचार नहीं करते। क्योंकि इसी की वजह से हम सांस ले पाते हैं, सो पाते हैं यहां तक की चलना-फिरना भी खाना खाने की वजह से ही संभव है। फिर भी यदि देखा जाए, तो बहुत से लोग पाचन संबंधी समस्याओं से ग्रसित होते हैं। कई लोगों को हर समय अपच, अम्लता, कब्ज और सुस्त पाचन की समस्या बनी ही रहती है। इससे निजात दिलाने के लिए आयुर्वेद आपकी मदद कर सकता है।

खाने के नियमों के अनुसार, हम सभी को खाद्य पदार्थों को ठीक से खाने और पचाने के लिए खाने के नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

### आयुर्वेद के अनुसार खाने से जुड़े नियम

#### गर्म और ताजा भोजन करें-

विशेषज्ञ के अनुसार, ठंडा भोजन खाने से हमेशा बचें। कोशिश करें, जो भोजन आप कर रहे हैं, वह गर्म और ताजा हो। बता दें कि गर्म भोजन अग्रि या पाचन अग्नि को उत्तेजित करता है। इतना ही नहीं यह पाचन क्रिया को बढ़ावा देने में भी मददगार है।

गर्म भोजन से मतलब भोजन इतना गर्म होना चाहिए कि आप इसे आसानी से खा सकें। बहुत ज्यादा तेज गर्म भोजन खाने से जितना बचेंगे, उतना अच्छा है। यह शरीर में पित्त दोष को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। जबकि ठंडा भोजन पाचन क्रिया को बुरी तरह से प्रभावित कर देता है।

#### तेल का सेवन भी जरूरी

आजकल मोटापे और कोलेस्ट्रॉल के चलते लोगों ने खाने में तेल की मात्रा बेहद कम कर दी है। लेकिन आयुर्वेद कहता है कि खाने में तेल को अवॉइड नहीं करना चाहिए। सीमित मात्रा में ही सही, लेकिन तैलीय भोजन करना आयुर्वेद का नियम है।

#### जरूर से ज्यातदा न खाएं

कई लोग भूख लगने पर जरूरत से ज्यादा खाना खा लेते हैं। लेकिन कुछ समय बाद इन लोगों को कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं घेर लेती हैं। आयुर्वेद के अनुसार, हर व्यक्ति को सही मात्रा में ही भोजन करना चाहिए। भोजन की सही मात्रा वात, पित्त और दोष पर किसी भी प्रभाव के बिना आपकी उम्र बढ़ाते हैं।


#### केवल दोपहर में ही करें भारी भोजन

कहा जाता है कि दोपहर का भोजन सबसे जरूरी और अच्छा होना चाहिए। आयुर्वेद का नियम है भले ही सुबह और शाम कम भोजन खाएं।

# नकली दूध की फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही

## डिटरजेंट व आरएम केमीकल से रिफाइंड मिलाकर बना रहे थे नकली दूध

**मुरैना /** कैलारस में खाद्य विभाग और पुलिस की टीम ने नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की है। जिस वक्त छापा मारा गया उस समय फैक्ट्री के अन्दर डेढ़ सौ लीटर नकली दूध बनाने का घोल रखा हुआ था। उस घोल से करीब सौ लीटर से अधिक नकली दूध बनाने के लिए तैयार किया गया था। खाद्य विभाग और की टीम को देखकर फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई और वे भाग गये। मौके पर अधिकारियों को दो सगे भाई मिल गए जो फैक्ट्री का कामकाज संभाल रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सबलगढ़ थाने में मामला दर्ज करा दिया है।



आपको बता दें, कि दीपावली का त्योहार आते ही जिले में नकली मावा, पनीर व दूध का कोराबार तेजी से बढ़ रहा है। खाद्य विभाग की टीम द्वारा लगभग हर दिन किसी न किसी क्षेत्र में जाकर छापामार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में सबसे बड़ी बात जो सामने आई है कि नकली दूध बनाने में डिटरर्जेट पाउडर का उपयोग किया जा रहा है जो कि स्वास्थय के लिए बहुत ही हानिकारक होता है।

15 टीन आरएम केमिकल के मिले है। यह दूध इसी केमीकल से बनाया जा रहा था। इसके अलावा मिल्क पाउडर भी मिला है जो दूध में मिलाया जाता था। इसके साथ ही रिफाइंड के भी लगभग दर्जन भर से अधिक टीन मिले हैं। दूध बनाने में रिफाइड भी मिलाया जाता था। इस प्रकार दूध में आरएम केमीकल, डिटरर्जेट पाउडर, रिफाइंड तथा मिल्क पाउडर मिलाकर नकली दूध तैयार किया जाता था।

### इन दोनों संचालकों पर हुई कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान टीम के सदस्यों ने पूछा कि फैक्ट्री का मालिक कौन है तो दो व्यक्ति सामने आए है जिनका नाम रुप सिंह कुशवाह व राजेन्द्र सिंह कुशवाह है, यह दोनों सगे भाई हैं। इनकी कैलारस में डेयरी है जिसका लायसेंस भी इनके पास है। इसके अलावा घर में यह मिलावटी दूध बनाते थे जिसे यह डेयरी पर ले जाकर बेच देते थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि डेयरी के संचालक दोनों सगे भाइयों के खिलाफ कैलारस थाना में मिलावट करने के साथ-साथ धारा 420 के तहत मामला दर्ज करा दिया गया है। दूध के सेम्पल भी लिए गए है।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे राज्य और जिला स्तरीय समारोह

**मुरैना /** मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर 2021 को ÷आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश÷ के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर 1 नवंबर 2021 को शाम 6¬30 बजे से किया जाएगा। समारोह में ÷आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान÷ की थीम पर 45 से 50 मिनट की अवधि की नृत्य-नाटक को ध्वनि प्रकाश माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। कोरियोग्राफी प्रस्तुति के बाद गीत-संगीत के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

उप निर्वाचन वाले जिलों को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित किए जाएगे। इनें मुख्य रूप से ÷आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान÷ पर केंद्रित गायन, वादन, नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम होंगे। जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों और ऐतिहासिक इमारतों पर 1 नवंबर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सभी कार्यक्रमों में कोविड-19 संबंधी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों, संभागीय आयुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं।

## चंबल भवन में संयुक्त आयुक्त विकास श्री सिंह ने आवेदकों की समस्यायें

**मुरैना /** चंबल भवन में चंबल संभाग के आयुक्त कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 13 आवेदकों की समस्याओं को सुना गया। संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह के द्वारा सुनी गई सभी शिकायतों को त्वरित निराकरण के लिये संबंधित विभागों को भेजी

## सिविल हॉस्पीटल सबलगढ़ में 8 ऑक्सीजन कंसंट्रेकर चालू हालत में

**मुरैना /** सिविल हॉस्पीटल सबलगढ़ में वर्तमान में 8 ऑक्सीजन कंसंट्रेकर चालू हालत में है। तीन जम्मू सिलेण्डर तथा 5 छोटे सिलेण्डर उपलब्ध है, जो भरे हुये है, इसके अतिरिक्त ऑक्सीजन प्लांट चालू है।

सिविल हॉस्पीटल सबलगढ़ के और खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने 19 अक्टूबर 2021 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ÷ऑक्सीजन प्लांट बंद था, सिलेण्डर का इंतजाम नहीं हुआ, आफत में अटकी मरीज की जान÷ के संदर्भ में यह जानकारी दी।

सबलगढ़ के खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने 19 अक्टूबर को ही इस खबर के संदर्भ में खण्डन करते हुये कहा कि मरीज 80 वर्षीय हाजी अब्दुल अयाज 17 अक्टूबर को प्रात¬ 9 बजे सिविल हॉस्पीटल सबलगढ़ में लाया गया था। डॉक्टरों के द्वारा चेकअप करने पर पाया कि उनको कार्डियक प्रॉब्लम (एमआई) है। प्राथमिक उपचार करने के बाद मरीज हाजी अब्दुल अयाज को ऑक्सीजन वाली 108 एम्बूलेंस के द्वारा चिकित्सालय मुरैना के लिये रैफर कर दिया गया था। कार्डियक प्रॉब्लम सीवियर होने के कारण से जिला अस्पताल मुरैना से मरीज को आईसीयू मेडीकल कॉलेज ग्वालियर के लिये रैफर कर दिया गया था।

## जिले में इस वर्ष डीएपी 4 हजार 594 और यूरिया 2 हजार 204 मैट्रिक टन अधिक वितरण हुआ

**मुरैना /** जिले में रबी सीजन के दौरान किसानों को डीएपी और यूरिया के साथ-साथ अन्य उर्वरकों का वितरण कार्य शुद्ध स्तर पर जारी है। जिले में इस वर्ष चालू रबी सीजन के दौरान 4 हजार 594 मैट्रिक टन डीएपी और 2 हजार 204 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण अधिक हुआ है।

कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर 2020 में डीएपी 8 हजार 227 मैट्रिक टन का वितरण किया गया था, जिसकी तुलना में इस वर्ष 26 अक्टूबर 2021 तक 12 हजार 821 मैट्रिक टन डीएपी का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो गत वर्ष की तुलना में 4 हजार 594 मैट्रिक टन अधिक है। इसी प्रकार गत वर्ष अक्टूबर 2020 की स्थिति में 7 हजार 843 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण कृषकों को किया गया था, जिसकी तुलना में इस वर्ष 10 हजार 47 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2 हजार 204 मैट्रिक टन अधिक वितरण हुआ है।

कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में मुरैना जिले में आज की स्थिति में डीएपी 3 हजार 160.73 मैट्रिक टन और यूरिया 6 हजार 301.5 मैट्रिक टन उपलब्ध है।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के उपसंचालक श्री सरैया ने कृषकों से अनुरोध किया है कि वे डीएपी के स्थान पर एनपीके 20¬20¬0¬13, एनपीके 14¬35¬14 एवं एनपीके 12¬32¬16 का उपयोग अपनी फसल में अधिक से अधिक करें। आज की स्थिति में मुरैना जिले में एनपीके उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कृषक भाई डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का उपयोग कर फसल उत्पादन में वृद्धि कर सकते है। कृषक भाई उर्वरक के प्रति चिंतित न हों, जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजपाल सिंह तोमर ने कहा है कि हमारे कृषक भाईयों को डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक के उपयोग की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया कि एनपीके में पोटाश भी रहता है, जो हमारे फसल के दोंनो का बजन बढ़ाने, चमक बढ़ाने एवं कीटव्याधि के प्रति प्रतिरोधकता बढ़ाने में सहायक है।

## ग्राम पिपरई के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पौधा वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मुरैना /** ग्राम पिपरई के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को ÷आयुष आपके द्वार÷ कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सुजागृति समाज सेवी संस्था मुरैना के द्वारा एनएमपीबी के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, ग्रामीणजनो के द्वारा भागीदारी की गई। कार्यक्रम में पौधरोपण भी किया गया। तथा पूर्व में लगाए गए पौधों की सफाई की गई। इस अवसर पर संस्था द्वारा 100 पौधों का वितरण किया गया। बीहड़ क्षेत्र में गूगल, शतावर का रोपण किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पौधों की तार फेंसिंग की गई, जो खराब थी, उस फेंसिंग को ठीक किया। पौधारोपण की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने ली। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन ने लोगों को पेड़ों के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को समझाया। इस अवसर पर श्री बेताल सिंह, भभूति सिंह, श्री रामनारायण, श्री बहादुर सिंह, श्री द्वारिका सिंह, स्कूल की शिक्षक संगीता उपस्थित थीं। श्री जाकिर हुसैन ने कहा कि जैव विविधता की संबद्धता से ही मन प्रफुल्लित आनंदित होता है, किंतु आज की निजी स्वार्थ भरी जिंदगी के कारण जंगल सुकड़ते जा रहे हैं। नदी, तालाब, आरंड पर्वत घाटी वन, मैदान संकुचित होते जा रहे हैं। हमें ईमानदारी के साथ आने वाली पीढ़ी के लिए न्याय करने की आवश्यकता है और इसे कागजों से निकालकर जमीन पर रचनात्मक रूप देने की आवश्यकता है, तभी जैव विविधता का संरक्षण और संवर्धन होगा।

# नातिन के साथ जनसुनवाई में पहुंची बुज़ुर्ग महिला को मिली खाद्यान किट

### खाद्यान पर्ची भी दी गई अब हर माह गांव में ही मिलेगा राशन
### रायपुरा से आये रामचरण को 15 दिन में मिल जायेगी शौचालय की राशि
### मनोर बाई को विधवा पेंशन स्वीकृत
### जनसुनवाई में आये 157 आवेदन



श्योपुर, 26 अक्टूबर 2021

अपनी नातिन के साथ उतनवाड से जनसुनवाई में आई बुजुर्ग महिला कस्तुरी बाई को खाद्यान नही मिलने की शिकायत का तत्काल निराकरण करते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा उसे मौके पर ही ना केवल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अतंर्गत खाद्यान किट प्रदाय की गई बल्कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री लवली गोयल को तत्काल खाद्यान पर्ची बनाकर देने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर श्री वर्मा ने बुजुर्ग महिला को आश्वस्त किया कि अब हर महिने गांव की राशन दुकान से ही खाद्यान मिल जायेगा। उल्लेखनीय है कि कस्तुरी बाई पत्नि स्व. श्री रामकिशन निवासी उतनवाड अपनी नातिन के पास रहती है। नातिन के अलावा उसकी देखभाल करने वाला कोई नही है। खाद्यान पर्ची के अभाव में राशन नही मिलने से संबंधित लगभग अन्य 10 प्रकरणों में निर्देश दिये गये कि सभी की खाद्यान पर्ची पोर्टल के माध्यम से जनरेट कर अगले 07 दिवस में संबंधित हितग्राहियों को उपलब्ध करा दी जावे।

इसी प्रकार शौचालय निर्माण कराने के 6 माह बाद भी प्रोत्साहन राशि नही मिलने की गुहार लेकर आये ग्राम रायपुरा के श्री रामचरण शिवहरे की मांग का कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा जनपद श्योपुर के अधिकारियों से तत्काल निराकरण कराया जावे। जनपद श्योपुर के सीईओ श्री सुधीर खाडेकर ने जनसुनवाई कक्ष में हितग्राही को आश्वस्त किया कि एसबीएम पोर्टल में नाम जोड दिया गया है। अगले 15 दिन में बैंक खाते में शौचालय निर्माण की राशि जमा हो जायेगी।

नगर पंचायत बडौदा के वार्ड 14 की निवासी श्रीमती मनोर बाई की समस्या का समाधान भी कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा तत्काल करते हुए सीएमओ बडौदा को विधवा पेंशन स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिये गये। एसडीएम श्री लोकेन्द्र सरल द्वारा जनसुनवाई कक्ष में हितग्राही को जानकारी दी गई कि विधवा पेंशन स्वीकृत कर दी गई है। जनसुनवाई में कुल 157 आवेदन आये। जिसमें से दो दर्जन से अधिक आवेदनो का निराकरण जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित विभिन्न विभागो के अधिकारियों से कराया गया। शेष आवेदन समय सीमा अवधि एवं जांच आदि के संबंध में होने के कारण समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गये। सोमवती आदिवासी निवासी झरेर सहित 04 प्रसूताओं के आवेदन जननी सुरक्षा योजना के संबंध में प्राप्त हुए। जिसमें अवगत कराया गया कि जेएसवाय के पोर्टल पर नाम दर्ज है। अगले 10 दिन में प्रसूती सहायता की राशि संबंधित प्रसूताओं के बैंक खातो में आ जायेगी।

**पदमावती का उपचार आयुष्मान से होगा**

अपने पिता श्री राधेश्याम शर्मा के साथ जनसुनवाई में आई ललितपुरा निवासी सुश्री पदमावती शर्मा ने कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को अवगत कराया कि वह गंभीर बीमारी से पीडित होकर पिछले 3-4 सालों से इलाज करा रही है। अब पिता के पास उपचार कराने के लिए राशि की व्यवस्था नही है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल यादव को निर्देश दिये कि हितग्राही के पास आयुष्मान कार्ड है तथा आयुष्मान कार्डधारी होने से हितग्राही का निःशुल्क एवं बेहतर उपचार कराने की व्यवस्था की जावे।

**मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुग्रह योजना में पुर्नविचार के निर्देश**

जनसुनवाई के दौरान दलारना खुर्द निवासी श्री भारत शिवहरे ने अवगत कराया कि उसकी मां श्रीमती ममता शिवहरे ग्राम जानपुरा में एएनएम के पद पर पदस्थ थी। कोविड-19 के दौरान 10 मई 2021 को उनकी मृत्यु हो गई तथा बीमा राशि 50 लाख का लाभ नही मिला है और ना ही अनुकंपा नियुक्ति। इस मामले में सीएमचओ द्वारा अवगत कराया गया कि तत्समय आवेदक द्वारा बीमा राशि से इंकार करते हुए अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने हेतु सहमति पत्र दिया गया था। बाद में आवेदक के पिता एवं स्व. श्रीमती ममता शिवहरे के पति के भी शासकीय नौकरी में होने से अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नही की जा सकी। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा निर्देश दिये गये कि मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुग्रह योजना के तहत पुर्नविचार करते हुए योजना के प्रावधानों एवं नियमो के अनुसार बीमा राशि की पात्रता बनती है तो पीडित परिवार को लाभ दिया जावे।

**दिव्यांग को मिली ट्राईसिकल**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा ग्राम सीसवाली ग्राम पंचायत बडौदाराम निवासी दिव्यांग श्री रामलाल गुर्जर को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से ट्राईसिकल प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान पैरो से विकलांग श्री रामलाल गुर्जर द्वारा ट्राईसिकल की मांग किये जाने पर कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा तत्काल ट्राईसिकल प्रदान की गई।

**आरपीएस के तहत सहायता के निर्देश**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा बडौदा के वार्ड 15 निवासी महिला श्रीमती संतोष बाई को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत लाभ दिलाने के निर्देश नगर पंचायत बडौदा के अधिकारियों को दिये। महिला संतोष बाई ने बताया कि उसके पति स्व. श्री रामचरण मीणा की मृत्यु करीब 01 वर्ष पूर्व धान के खेत में कीटनाशक दवाई छिडकने के कारण उपचार के दौरान हो गई थी। उसके परिवार का नाम बीपीएल सूची में भी दर्ज है।

**बुजुर्ग महिला की शिकायत पर घर भेज कराई जांच**

जनसुनवाई के दौरान बुजुर्ग महिला शंकरी बाई की इस शिकायत पर कि परिजनों द्वारा उसे परेशान किया जाता है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बुजुर्ग महिला के घर जाकर परिजनों को समझाइश दी जावे एवं वस्तु स्थिति का पता लगाये। इस पर सामाजिक न्याय विभाग के सहायक श्री राजवीर कुशवाह ने महिला के साथ घर जाकर परिजनों को समझाइश दी। बताया गया है कि शंकरी बाई के पति शासकीय महाविद्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु उपरांत शंकरी बाई को परिवार पेंशन मिलती है। दंपत्ति के कोई औलाद नही होने पर अपने रिश्तेदार के लडके को गोद लिया था। जो अपनी पत्नि और बच्चों के साथ महिला के साथ रहता है। महिला को पेंशन मिलती है, जिसका उपयोग वह स्वयं ही करती है।



# कलेक्टर ने दिखाई एम्बुलेस सेवा को हरी झंडी

### परिवार संस्था द्वारा कराहल, विजयपुर ब्लॉक के लिए दो एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ

**श्योपुर,** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्टेउ्ट परिसर में परिवार संस्था की दो एम्बुलेस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की गई। इस अवसर पर एसडीएम कराहल श्री विजेन्द्र सिंह यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल यादव, संस्था के डिस्ट्रीक्ट एंकर श्री रिकेंश करोचें एवं संस्था के वांलेटियर उपस्थित थे।

परिवार एजुकेशन सोसायटी संस्था द्वारा श्योपुर जिले के कराहल, विजयपुर, वीरपुर क्षेत्र के सभी लोगो को चिकित्सा व अन्य एमरजेंसी सहायता के लिए निशुल्क पांच एंबुलेंस सेवाएं पूर्व से उपलब्ध है। अब संस्था द्वारा कराहल,विजयपुर,ब्लॉक में बरगवा (कराहल) ओर अगरा (विजयपुर)क्षेत्र के लिए भी दो एंबुलेंस सेवाएं शुरू की जा रही है। जिससे कि अधिक से अधिक क्षेत्र के लोगो को चिकित्सा संबधित सेवाएं समय से उपलब्ध हो सके।

परिवार संस्था द्वारा सेवा कुटीर कार्यक्रम के तहत कराहल ब्लॉक के 113 गांव में बच्चों को सेवा कुटीर प्रोग्राम के द्वारा निशुल्क शिक्षा, भोजन एवं मोबाइल क्लीनिक की सहायता से मेडिकल कैंप चलाया जा रहा है जिसमें सभी मरीज को जांच अनुसार निशुल्क दवाई दी जाती है। साथ ही परिवार संस्था द्वारा श्योपुर और शिवपुरी जिले में आंखों के कैंप लगाए जा रहे हैं। जिसमें जांच अनुसार निशुल्क दवाई चश्मे व मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर परिवार संस्था के श्री वीरेंद्र सिंह जाटव, श्री रवि वर्मा, श्री बलदेव परमार, श्री विष्णु जाटव, श्री धारासिंह जाटव, श्री अंकित चौहान, श्री लच्छी राम, श्री फूलसिंह, इत्यादि उपस्थित थे।

## ग्राम पहेला में विधिक जागरूकता/सेवा शिविर आयोजित



**श्योपुर,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर मा. श्री प्रदीप मित्तल के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पवन कुमार बांदिल एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री विभूति तिवारी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम के तहत नॉलसा मॉडयूल के अंतर्गत ग्राम पहेला में विधिक जागरूकता/सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविरों में उपस्थित ग्रामीणजन को दहेज निषेध अधिनियम, 1961, पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन का निषेध) अधिनियम, 1994, नालसा की स्कीम- गरीबी उन्मलन के प्रभावी क्रियान्वयन के विधिक सेवा योजना, 2015 के बारे में विस्तृत जानकारी गई। इसके साथ ही प्रचार रथ से ग्राम पहेला, ग्राम अलापुरा, ग्राम डोंडपुर, ग्राम पाण्डोला, ग्राम डोटी, ग्राम पाण्डोली, ग्राम मेवदा, ग्राम कावरसली, ग्राम भिलवाड़िया, ग्राम सेवापुर, ग्राम जैदा, ग्राम डुबड़ी, ग्राम लुहाड़, ग्राम बुर्धादेव, ग्राम ढोढर, ग्राम कुण्डहवेली, ग्राम अडवाड ग्राम आडेड, ग्राम ज्वासा, ग्राम भवरकुआ ग्राम झिरन्या, ग्राम मूरवाड़ा, ग्राम गसवानी, ग्राम रघुनाथपुर, ग्राम कालीतलाई, ग्राम गोरस, ग्राम कलमी, ग्राम मूरवाड़ा, ग्राम सुसवाड़ा, ग्राम रिझी, ग्राम गुरनावदा, ग्राम वहेला में नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

## वन-टू-वन

### मेहगांव थाना प्रभारी डी वीएस तोमर ने आईसर वाहन से भारी मात्रा में मावा बरामद किया गया करीब 6 कुंटल मावा बरामद किया मेहगांव थाना प्रभारी की धमाकेदार कार्रवाई



**बृजपाल सिंह गुर्जर की रिपोर्ट**

मेहगांव श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड श्री मनोज कुमार सिंह जी के द्वारा दीपावली को ध्यान में रखते हुए नकली मावा घी बालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है ताकि कोई जनहानि ना हो इसी अभियान के तहत आज श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन में श्रीमान एसडीओपी महोदय मेहगांव आरकेएस राठौर आज मेहगांव थाना प्रभारी डी वी एस तोमर मुखबिर के द्वारा मिली सूचना पर मौके पर पहुंचे भारी मात्रा में मावा 17 डलिया मावा वजन 558 किलो एक आईसर वाहन जिसका क्रमांक एमपी 0 7 द्द9244 मैं रख कर ले जाते समय मेहगांव थाना प्रभारी ने पकड़ कर थाने लेकर आए और फूड विभाग अधिकारी रीना बंसल बुलाकर उसके निरीक्षण के लिए सैंपल दिए गए और वाहन ड्राइवर राहुल गोस्वामी पुत्र शालिग्राम गोस्वामी ग्राम सोनी ने मावे के मालिक श्री सत्येंद्र सिंह नरवरिया पुत्र श्री राम चरण सिंह नरवरिया बताया है तो मेहगांव थाना प्रभारी और फूड विभाग अधिकारी रीना बंसल ग्राम सोनी पहुंचे और कारखाने का निरीक्षण किया यहां पर मौके से कोई चीज बरामद नहीं हुई

### हाउसिंग बोर्ड कर्मियों के मंहगाई भत्ते में 8 प्रतिशत की वृद्धि

**भोपाल /** म.प्र. गृह निर्माण एवं अद्योसंरचना विकास मंडल ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में 8 प्रतिशत की वृद्धि की है। अभी तक मंडल के कर्मियों को 12 प्रतिशत की दर से मंहगाई भत्ता दिया जा रहा था। आयुक्त गृह निर्माण मंडल श्री भरत यादव द्वारा जारी आदेशानुसार अब 20 प्रतिशत की दर से मंहगाई भत्ता दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता नवम्बर माह में देय वेतन में जोड़ा जायेगा। मंहगाई भत्ते का कोई भी भाग किसी भी प्रयोजन के लिए वेतन के रूप में मान्य नहीं होगा।

### मनरेगा पोर्टल में डुप्लीकेट वर्क कोड दर्ज करने पर 9 ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध कार्रवाई

**भोपाल /** मनरेगा पोर्टल पर एक ही कार्य की एक से अधिक बार प्रविष्टि किए जाने के प्रकरण में प्रदेश की 9 ग्राम पंचायतों के सचिव/तत्कालीन रोजगार सहायकों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय मनरेगा लोकपाल द्वारा पारित किया गया है। आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद सुश्री सूफिया फारूकी वली ने बताया कि गुना जिले की जनपद पंचायत चाचौड़ा की 9 ग्राम पंचायतों के सचिव/ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध ग्वालियर संभाग के मनरेगा लोकपाल श्री पी. एस. कुशवाह द्वारा कार्यवाही किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। इन 9 पदाधिकारियों में से 3 की सेवाएँ पूर्व में ही समाप्त की जा चुकी हैं, शेष पर कार्यवाही प्रचलन में है। मनरेगा लोकपाल द्वारा तत्कालीन रोजगार सहायक/ सचिव ग्राम पंचायत बरखेड़ा खुर्द के इंद्र सिंह मीणा, टंगरिया कला के महेंद्र मीणा, पिपलिया नजदीक के अशोक मीणा, मृगवास के विनोद नामदेव, ईटखेड़ी खुर्द के अरविंद मीणा, सिंगनपुर के रामबाबू मीणा, मोहम्मदपुर के हरि सिंह मीणा, परवरिया के अशोक अहिरवार तथा रामनगर के जगदीश अरोड़ा को लोक सेवक होते हुए अपने कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने तथा उपेक्षा करने का दोषी पाया गया है।

### शासकीय हाईस्कूल खनेता, निटहरा, अम्बाह, जौरा और सबलगढ़ में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया

**मुरैना /** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर 2021 तक आयोजित किया रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल खनेता, निटहरा, अम्बाह, जौरा एवं सबलगढ़ में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजनों को प्रदान की गई। साथ ही गांवों में डोर-टू-डोर कैम्प के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया।

### रामपुरकलां में तालाव व शिकहरा डेम का काम मशीनों से, मजूदर बेरोजगार खबर की जांच के दिये निर्देश

**मुरैना /** एक दैनिक समाचार पत्र में 18 जुलाई 2021 को प्रकाशित खबर ÷रामपुरकलां में तालाव व शिकहरा में डेम का काम मशीनों से, मजदूर बेरोजगार को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस खबर की जांच के लिये जनपद पंचायत कैलारस के सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और सहायक लेखाधिकारी नियुक्त किया है।

# जब तक तीनों कृषि कानून बापस नहीं होंगे जारी रहेगा आन्दोलनः यादव

### लखीमपुर खीरी घटना को लेकर अस्थि कलश यात्रा आरंभ हुई। आज चंबल अंचल और ग्वालियर पहुंची।





**भीमसेन सिंह तोमर**
**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना ।** लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों के मामले में संयुक्त किसान मोर्चा चंबल संभाग द्वारा मंगलवार को ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल से अस्थि कलश यात्रा आरंभ की गई जो मंगलवार की दोपहर मुरैना पहुंची और यहां प्रेस वार्ता के दौरान यात्रा का नेतृत्व कर रहे मध्यप्रदेश किसानसभा के राज्य सचिव अखिलेश यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को पूंजीपति दोस्त अंबानी एवं अडानी के हवाले कर दिया है, उन्हें देश के मजदूर, किसान और आमजन से काई हमदर्दी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहे कितने भी जुल्म करें, यह आंदोलन उस समय तक चलेगा, जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होती और तीनों कृषि कानून वापस नहीं होते।

श्री यादव ने बताया लखीमपुर खीरी में शहीद हुए चार किसान व एक पत्रकार साथी की अस्थियों को देश की अनेकों बडी नदियों में विसर्जन करने के लिए 25 कलश तैयार कर देश भर में कलश यात्रा के रूप में भ्रमण हेतु निकाले जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल ग्वालियर से शुरू हुई यात्रा ग्वालियर के ग्रामीण क्षेत्रों से होती हुई मुरैना, जौरा, कैलारस एवं सबलगढ़ पहुंची। 27 अक्टूबर को यह यात्रा श्योपुर एवं शिवपुरी पहुंचेगी तथा 28 अक्टूबर को मोहना, भितरवार होती हुई दतिया जिले सहित अनेक जिलों में होते हुए इंदौर रवाना हो जाएगी। यात्रा में शामिल किसान नेताओं ने मुरैना में रेस्ट हाउस पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि लखीमपुर खीरी में विरोध प्रदर्शन करके वापस लौट रहे किसानों को मोदी सरकार के गृह राज्यमंत्री के बिगड़ेल बेटे ने गाडि?ें से कुचल दिया। मोदी सरकार में मंत्री एवं उनके बेटे इस तरह के कृत्य कर देश में अशांति फैला रहे मोदी सरकार के मंत्री किसानों के बारे में अपशब्द बोल रहे हैं, यह ठीक नहीं है। इस दौरान किसान नेताओं ने कहा कि किसान आंदोलन जो ना सिर्फ खेती और किसानी को बचाने का संघर्ष है, बल्कि मोदी सरकार द्वारा देश की संपत्तियों को बेचने से रोकने, खत्म किए जा रहे श्रम कानूनों को बचाने, बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाने तथा सब कुछ अंबानी अडानी के हवाले करके देश बेचने की मोदी सरकार की साजिश के खिलाफ आजादी बचाने का संघर्ष है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष से गांव-गांव के लोग जुड़े, ताकि ग्वालियर चंबल संभाग में भी मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक बड़ा जन संघर्ष तैयार हो सके और किसान आंदोलन में शहीद हुए 700 से ज्यादा किसानों के प्रति हमारी यही श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अखिलेश यादव, जसविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, भगवानदास सैनी, राजेंद्र सविता, कुलवंत सिंह, अमित सिंह जाट, प्रमोद श्रीवास, जेके पिप्पल, श्रीकृष्ण यादव, बैजनाथ पिप्पल सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

# कर्नाटक राजस्थानी प्रवासी मंडल वारियर्स का हुआ सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूर =-जरकगहल्ली /** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पी. भास्कर राव ने राजस्थानी प्रवासी कोरोना वारियर्स भाइयों जिन्होंने 2020 की पहली लहर व 2021 इस वर्ष जन कल्याण और जन जन तक आहार वितरण व जनसेवा मे बहुमुल्य योगदान दिया उन प्रवासी उत्तर भारतीयों को सीरवी समाज बैंगलोर कनकपुरा रोड़ जरगनहल्ली बडेर भवन मे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में ए.डी.जी .भास्कर राव को माताजी की प्रतिभा की तस्वीर भेंट कि गई। इस उपलक्ष मे स्थानीय कॉउन्सलर मुनराज रेडी, कॉउन्सलर शोमसेखर, वडेर अध्यक्ष पेमाराम गहलोत, सचिव रतनलाल काग, उपाध्यक्ष मोहनलाल राठोड़, सहसचिव मोहनलाल हांबड, कोषाध्यक्ष बाबुलाल सेंणचा, पदाधिकारी,समाजसेवी शिव शर्मा,माली समाज बनसंकरी के अध्यक्ष रमेश स्वराजी , सचिव सुगंद चंद माली, देवासी समाज बेंगलूर साउथ अध्यक्ष माणक देवासी, सचिव कल्याण देवासी ,पटेल समाज बेंगलूर अध्यक्ष नाथूराम पटेल, सचिव भोमाराम पटेल, प्रजापत समाज भिया देवी मंदीर बेंगलूर साऊथ अध्यक्ष गणपत लाल प्रजापत सचिव किशन लाल प्रजापत व सीरवी समाज कमेटी सदस्य और समाज के बुजुर्ग व महिलाऐ समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे ।.डी.जी भास्कर राव का ढोल व थाली वाद्य द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया व आई माताजी का आर्शिवाद प्राप्त कर सभा को संबोधित किया प्रवासी बंधु गणों को सहयोग का आश्वासन दिया व खाने की व्यवस्था रखी गई ।

# पुलिस अधीक्षक महोदय ने जनमानस की समस्याओं को सुना



**पुष्पांजली टुडे**

**औरैया ।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक वर्मा अपने ऑफिस में जनमानस की समस्याओं को सुन रहे थें तभी देखा कि एक पीड़ति बुजर्ग अपनी समस्या को लेकर उनके आफिस आ रहे हैं वैसी ही पुलिस अधीक्षक महोदय अपने ऑफिस से तुरंत निकालकर बाहर आये व बुजर्ग व्यक्ति को जमीन से उठाकर कुर्सी पर वैठकार समस्या को सुना व तत्काल निस्तारित कराते हुए रुक्सत किया । इसी दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय को बाहर देख काफी जनता एक साथ एक घटना के संबंध में मिलने आई उसको भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया।



### हम निर्जीव प्राणियों को कुछ खिलाकर उनको प्यार स्नेह देकर इस जीवन रूपी शरीर को सार्थक करें=श्यामू ठाकुर

समाज सेवा टीम के संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर आज सेवड़ा सनकुआ धाम पर पहुंचे और उन्होंने वहां पहुंचकर बेजुबान जानवरों को खिलाया पिलाया वही इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन हमें ईश्वर के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है ईश्वर शक्ति से जीवन का सेवा कार्य करके आनंद उठाएं और जीव-जंतुओं को जितना हो सके भोजन कराएं तब जाकर हमारा जीवन सार्थक होगा जीवन में अनेकों अबसर ऐसे आते हैं जिन अबसरों का हम आनंद उठा सकते हैं कुछ अच्छा कर सकते हैं तो क्यों ना हम बेजुबान प्राणियों को जो बोल नहीं सकते।

# ट्रैक दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा साथ ही बची 5 लोगों की जान फिर भी नहीं जाग रहा प्रशासन क्या हादसा होने के बाद जागेगा जिला प्रशासन



**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** जी हां कई बार सेवड़ा स्थित छोटे पुल को लेकर खबर दिखाने के बाद भी जिला प्रशासन नहीं जाग रहा निरंतर हो रहा है वाहनों का बिना किसी पुख्ता इंतजाम के आवागमन यह कहना है पुल पर काम कर मजदूरों का!

बताना चाहेंगे विगत कुछ दिन पूर्व पुल पर आवागमन को लेकर मीडिया ने खबर चलाई थी जिस पर एसडीएम द्वारा आवागमन को प्रतिबंधित बताया गया था!

साथ ही सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी कही गई थी बात लेकिन सोमवार को इसी पुल पर खचाखच बड़े हुए ट्रक का निकलना और वह दुर्घटनाग्रस्त होने से बच जाना जिसमें सवार 5 लोगों की जान बाल-बाल बच गई फिर भी नहीं जाग रहा प्रशासन!

आज जब मीडिया का कैमरा एक बार फिर पहुंचा इस पुल पर तो नजारा ही कुछ और था वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे पुलिस विभाग का कर्मचारी छोटे से पुल से बड़े वाहन को निकलने की दे रहा अनुमति इतना ही नहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चंद पैसों के चलते यह पुलिस वाले निकाल देते हैं बड़े बहन को जिसका जीता जागता सबूत था कल ट्रक का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना!

वीडियो में आप देख सकते हैं किस प्रकार इस छोटे से पुल से निरंतर हो रहा है वाहनों के साथ साथ मवेशियों का भी आवागमन!

अब यहां सवाल खड़ा होता है कि सब कुछ जानने के बाद भी क्यों चुप बना हुआ है जिला प्रशासन!

क्या किसी अप्रिय घटना का होने का इंतजार है प्रशासन को, नहीं उठाए जा रहे हैं सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कदम!

और बड़ी बात जिन पुलिसवालों को वाहनों को पुल पार करते समय देना चाहिए सुरक्षा का ध्यान वही भी चंद पैसों के लिए अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे ऐसा है विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से खबर!

अब देखना होगा कि कि खबर दिखाने के बाद क्या निर्णायक कदम जनमानस की सुरक्षा को लेकर उठाता है जिला प्रशासन????

आखिर क्या कुछ कहना है फुल पर काम कर रहे मजदूरों का सुन लीजिए उनकी जुबानी पुल की आज की कहानी! सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र से 00000

# उच्चादर्शों के प्रति निष्ठा, जीवन का आधारः राज्यपाल श्री पटेल



**भोपाल /** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संकल्प से सब संभव है। जरूरत विचारों और भावनाओं में सकारात्मकता की है। अच्छे भाव से किये गये काम का फल भी सदैव सुखद और आनन्ददायी होता है। जीवन में उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा बनाये रखते हुए, विकास पथ पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में अपार संभावनाएँ होती है। जरूरत संकल्प के साथ प्रयासों की है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आव्हान किया कि दीक्षांत समारोह में जो शपथ उन सब ने ली है। उसका सम्पूर्ण जीवन में पालन करें। यही जीवन की सार्थकता का मार्ग है।

राज्यपाल श्री पटेल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा मिन्टो हॉल में आयोजित दीक्षांत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 22 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, 66 को पी.एच.डी. और 50 छात्र-छात्राओं को स्नातकोत्तर उपाधियाँ प्रदान की गई। दीक्षांत कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन भी किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि बढ़ते बाजारवाद के प्रभाव से समाज भौतिकतावादी हो रहा है। सोच और सम्पर्क का आभासी दायरा बढ़ रहा है, लेकिन व्यवहार व्यक्तिवादी होता जा रहा है। समाज को, जीवन शैली में भाईचारा, सहयोग, दूसरों की खुशियाँ और आत्म-संतोष के महत्व में कमी के कारणों पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने सारी दुनिया में तकनीक और उन्नति को असहाय कर दिया था। इससे सबक लेना होगा। शिक्षा केवल तकनीक का ज्ञान नहीं है। केवल वैज्ञानिकता और आधुनिकता से व्यक्ति का समग्र विकास नहीं होता है। जीवन में आदर्शों, संस्कारों और विवेक का होना जरूरी है। संस्कृति और परम्पराओं के साथ जुड़ाव ही समग्र विकास है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति में ज्ञान, संस्कार, कौशल, समाजबोध और व्यक्तित्व में विनयशीलता आती है। उन्होंने कहा कि समाज के हर सदस्य के लिए आदर, समन्वय और सहयोग की भावना का विकास शिक्षा से होना चाहिए। विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि जीवन में जो ज्ञान, जीवन मूल्यों के संस्कार प्राप्त किए गए हैं, उनसे जिस क्षेत्र में भी वे जायें, वहाँ अपने परिवार और समाज की विशिष्ट पहचान बनाए। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। छात्रों को बालिकाओं के समान बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्यपाल श्री पटेल ने प्रोत्साहित किया।

भारतीय विश्वविद्यालय महासंघ की महासचिव प्रोफेसर श्रीमती पंकज मित्तल ने कहा कि भविष्य, ज्ञान आधारित शिक्षा का है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में वर्तमान पीढ़ी को अभूतपूर्व और सर्वश्रेष्ठ अवसर उपलब्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि जीवन में निरंतर प्रगति के लिए सतत् सीखतें रहना जरूरी है। नई शिक्षा नीति इसका सुलभ सुअवसर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तेजी से परिवर्तनशील है। जरूरी है कि शिक्षा और शिक्षण को निरंतर अद्यतन किया जाए। उन्होंने कहा कि नई नीति में विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्माण में स्वायत्तता दी गई है। इसका सार्थक उपयोग किया जाए। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि उन्हें शिक्षण के लिए पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की गई है। शिक्षा में नये प्रयोगों के अवसर दिए गए है।

# भगवान श्री परशुराम प्रतिमा के शिवपुरी आगमन पर 28 अक्टूबर को होगा भव्य अभिनंदन



**शिवपुरी**-भगवान श्री परशुराम मंदिर का निर्माण बड़े हनुमान जी तुलसी आश्रम कत्था मिल पर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री पुरुषोत्तम दास जी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ होगा। शीघ्र ही भगवान श्री परशुराम जी का मंदिर मूर्त रूप प्राप्त कर पूजा अर्चना के लिए समाज को उपलब्ध हो सकेगा। इसे लेकर महामण्डलेश्वर श्री पुरूषोत्तमदास जी महाराज के सानिध्य में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय तिवारी की अध्यक्षता में परशुराम सेना की आवश्यक बैठक का आयोजन तुलसी आश्रम मंदिर परिसर में किया गया जहां श्रीपरशुराम मंदिर निर्माण की तैयारियों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कांत शर्मा ने बताया कि हम सभी के आराध्य देव भगवान श्री परशुराम जी के मंदिर का निर्माण बड़े हनुमान जी तुलसी आश्रम कत्था मिल पर शीघ्र प्रारंभ होगा जिसकी तैयारियां ब्राह्मण समाज ने प्रारंभ कर दी है। जन सहयोग और विप्र बंधुओं की एकजुटता के लिए समाज बंधुओं द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर पीले चावल दिए जा रहे हैं। आगे की जानकारी में महासचिव राजकुमार सरैया ने बताया कि डॉ. बी.के.शर्मा द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा एक लाख इक्यावन हजार रूपये की मंदिर हेतू अर्पित की गई है। जिसके लिए समाज बंधुओं ने उनका आभार प्रकट किया है। तथा 28 अक्टूबर को दोपहर 2ः00 बजे भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का आगमन जयपुर से मां राजराजेश्वरी मंदिर के प्रांगण में होगा जहां पर प्रतिमा का भव्य अभिनंदन कर प्रतिमा को तुलसी आश्रम, बड़े हनुमान मंदिर शोभा रथ में ले जाया जाएगा। जहां विभिन्न सामाजिक व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का भव्य अभिनंदन किया जा सकेगा।

### महामण्डलेश्वर पुरूषोत्तमदास जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्री परशुराम मंदिर के निर्माण की तैयारियां जोरों पर

# ग्राम ठर्रा के ग्रामीणों ने बोरवेल खराब होने को लेकर की शिकायत, खराब बोरवेल भी लाए



**शिवपुरी**-मंगलवार को होने वाली कलेक्ट्रेट परिसर के कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिवपुरी जनपद के ठर्रा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने ग्राम में खराब बोरवेल होने को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। यहां ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम पंचायत ठर्रा के सरपंच और सचिव द्वारा हरिजन बस्ती के लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान ठर्रा ग्राम पंचायत के दो दर्जन ग्रामीण बोरवेल की खराब मोटर लेकर भी पहुंचे और उसकी दुर्दशा को बयां किया। यहां ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच सचिव के द्वारा खराब मोटर को नहीं सुधरवाया गया है वहीं ग्रामीणों के द्वारा चंदा कर दो बार मोटर सुधरवाई गई अब ग्रामीणों के पास भी पैसा नही है। ग्राम पंचायत मे सरपंच सचिव के द्वारा किसी भी सरकारी योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं दिया जा रहा है और जमकर भ्रष्टाचार सरपंच सचिव के द्वारा किया गया है। ग्राम ठर्रा के दामोदर प्रसाद ग्रामीण ठर्रा ग्राम पंचायत शिवपुरी सहित दर्जन भर ग्रामीणों ने अपनी इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय आईटीआई शिवपुरी में प्लेसमेंट ड्राइव कल

**शिवपुरी**-शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) शिवपुरी में टाटा मोटर्स लिमिटेड सानंद गुजरात द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को प्रातः 9 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी के प्राचार्य एन.के.मंदसौरवाले ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शिवपुरी में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से 23 वर्षीय आयु के आईटीआई उत्तीर्ण (दो वर्षीय कोई भी ट्रेड) प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते है। चयनित ट्रेनी को प्रति माह के मान से 12500 रुपए सहित अन्य लाभ में भोजन, इंश्योरेंस कवरेज, स्टडी मटेरियल, यूनिफॉर्म और सेफ्टी शूज प्रदाय किए जाएगें।

### इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी**-पोस्ट मानसून मेंटीनेन्स एवं आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 केव्ही गाजीगढ़ आबादी एवं रूपापुरा पम्प फीडर पर 27 अक्टूबर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 केव्ही गाजीगढ़ आबादी एवं रूपापुरा पम्प फीडर के बंद रहने से प्रातः 8 बजे से अपराह्न 3 बजे तक गाजीगढ़, धैरिया, भिलोडी, जौराई ठेवला आदि से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना के दो प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शिवपुरी**-कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा सड़क दुर्घटना के दो प्रकरण में मृतकों के परिजनों को 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की गई है। डिप्टी कलेक्टर शिवपुरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार झांसी तिराहा कृष्णपुरम कॉलोनी निवासी कमलेश नामदेव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर निकटतम वारिस पत्नी श्रीमती आशा नामदेव तथा महल कॉलोनी निवासी संतोष अग्रवाल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर निकटतम वारिस पत्नी श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल को 15-15 हजार रूपए के मान से कुल 30 हजार रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राही आज आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें

**शिवपुरी**-मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेष अवस्थी ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ईडब्ल्यूएस) के पात्र 691 हितग्राहियों को आवंटन पत्र जारी हुए है। संबंधित हितग्राही बैंक ऋ ण स्वीकृति हेतु 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक अंतर्गत बैंक ऋण संबंधी खाता खुलवाने के लिए समस्त दस्तावेज लेकर कम्युनिटी हॉल गांधी पार्क शिवपुरी में प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जनसुनवाई में 201 आवेदक अपनी समस्याए लेकर आए

**शिवपुरी**-राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप आमजनों की समस्या के निराकरण के लिए प्रति सप्ताह के मंगलवार को जनसुनवाई रखी जाती है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में इस मंगलवार को 201 आवेदक अपनी समस्याए लेकर आए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा एवं अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय.सीमा में आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया।

### जिले में डीएपी एवं एनपीके खाद की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी

**शिवपुरी**-जिले में डीएपी, एनपीके, यूरिया एवं एसएसपी उर्वरक किसानों को वितरित किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक यू एस तोमर ने बताया कि 25 अक्टूबर को वितरण केंद्रों से यूरिया उर्वरक 831 मी.टन, डीएपी 76 मी.टन, एनपीके 248 मी.टन तथा एसएसपी 439 मी.टन का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें विपणन संघ द्वारा यूरिया 531 मी.टन, डीएपी 43 मी.टन, एनपीके 195 मी.टन एवं एसएसपी खाद 14 मी.टन का वितरण किया गया है। इसी प्रकार सहकारी सोसाइटी द्वारा यूरिया 59 मी.टन, डीएपी 152 मी.टन, एनपीके 40 मी.टन का वितरण किया गया। निजी संस्थाओं द्वारा यूरिया 300 मी.टन, डीएपी 33 मी.टन, एनपीके 53 मी.टन का वितरण और एसएसपी खाद 425 मी.टन का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार अभी 7218 मी टन यूरियाए 1209 मी टन डीएपी, 1707 मी टन एनपीके और 7901 मी टन एसएसपी की उपलब्धता है। कृषक बंधुओं को उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकेगा। समस्त कृषक बंधु उर्वरक शांतिपूर्वक ऋय कर सकते हैं। साथ ही सभी को सलाह दी जाती है कि डीएपी के साथ एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। यह कृषि के लिए लाभकारी है।

# सूअर मुक्त अभियान : रात और दिन में नपा सीएमओ के निर्देशन में टीम पकड़ रही सूअर



### अब तक 500 से अधिक सूअरों को पकड़कर भेजा शहर से बाहर

**शिवपुरी**-नगर को साफ-स्वच्छ और सूअर मुक्त बनाए रखने को लेकर नगर पालिका सीएमओ शैलेष अवस्थी के द्वारा जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में लगातार नगर को साफ-स्वच्छ बनाए रखने के लिए जहां शहर की गंदगी को दूर किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर नगर में पार्कों के संरक्षित करने के लिए भी नपा कर्मचारियों को जबादेही सौंपी गई है। इसके अलावा शिवपुरी में नपा सीएमओ के पदस्थी के दौरान ही सीएमओ शैलेष अवस्थी ने सूअर मुक्त नगर हो को लेकर विशेष अभियान शुरू करने की बात कही थी जिसे लेकर लगातार सीएमओ श्री अवस्थी के निर्देशन में नगर में सूअर मुक्त अभियान रात और दिन चलाया जा रहा है। यहां इंदौर से आई टीम और नपा अमले के साथ शहर की तारकेश्वरी कॉलोनी, पुरानी शिवपुरी, गांधी कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर मौजूद सूअरों को टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा जा रहा है और इस रात-दिन के सूअर मुक्त अभियान के तहत 500 से अधिक सूअरों को पकड़कर शहर से बाहर भेजा गया है। नपा सीएमओ शैलष अवस्थी का कहना है कि नगर में सूअर मुक्त अभियान लगातार चलाया जाएगा ताकि शीघ्र शहर से बाहर कर नगर को सूअर मुक्त बनाया जा सके। यही वजह है कि इंदौर से आई टीम के द्वारा अभियान के रूप में लगातार सूअरों को जाल बिछाकर पकड़ा जा रहा है और शीघ्र ही सूअर मुक्त शहर बनाया जाएगा इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है।

# मंत्री रांठखेड़ा के प्रयासों से गांवों में नल जल प्रदाय योजना की स्वीकृति

**शिवपुरी/पोहरी**-जल-जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना है। घरेलू नल कनेक्शन के साथ.साथ सार्वजनिक संस्थान जैसे ग्राम पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र, कल्याण केन्द्र आदि में भी नल कनेक्शन दिया जाना है। इस



योजना का उद्धेश्य पानी की आपूर्ति के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण कर प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पर्याप्त मात्रा में पानी नियमित रूप से उपलब्ध कराना है। जल.जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की निरंतर पूर्ति के लिए पेयजल स्त्रोतों का विकास और मौजूदा स्त्रोतों का संवर्धन किया जाना है। पोहरी विधायक और राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा के प्रयासों से क्षेत्र में एक के बाद एक गाँव के लिए इस योजना की स्वीकृति मिलती जा रही है, इस बार मंत्री के प्रयासों से टेंहटा, हिम्मतगढ़, चंदनपुरा, जामखो, चिटोराकलां, खोरघार, कांकर, इंदरगढ़, भानगढ़, गूगरीपुरा में नल-जल योजना स्वीकृत हुई है। इसके अलावा कई गाँव ऐसे हैं जहाँ कार्य प्रगति पर है, मंत्री द्वारा भूमिपूजन कार्य किया गया। सुरेश धाकड़ के मंत्री बनने के बाद से क्षेत्र में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है।

# दिव्य दृष्टि' पुस्तक का विमोचन सम्पन्न



**शिवपुरी**- गत दिवस आरकेपुरम में समाजसेवी कवि, साहित्यकार उमा उदार द्वारा लिखित पुस्तक दिव्य दृष्टि' का विमोचन धर्मगुरू (बीस भुजी दरबार) डॉ.डी.के.श्रीवास्तव एवं डॉ.पी.के.खरे पूर्व सिविल सर्जन के मुख्य अतिथ्य में मॉ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर गरिमामय धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। %दिव्य दृष्टि' में संतो के उपदेश जीवन के मूलमंत्रों के साथ-साथ महामारी कोरोना काल की अनुभूतियों का बड़े ही रोचक ढंग से हास्य व्यंग के साथ-साथ अपने गुरु एवं पूर्वजों सहित दिवगंतों का पुण्य स्मरण प्रेरणादायी है। उमा उदार की कुछ रचनाओं ने असहाय निराश्रित परिजनों की बृद्धावस्था की पीड़ा को आत्मा से उद्घाटित किया। दिव्य दृष्टि' की उपयोगिता पर वरिष्ठ पत्रकार गणपति स्वरूप श्रीवास्तव ने विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं डॉ.पी.के.खरे ने इस पुण्य प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर मॉ गायत्री पीठ के जिलाध्यक्ष अनिल रावत, कर्मचारी नेता राजेन्द्र पिपलौदा, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कांत शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र श्रीवास्तव, कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, भूपेन्द्र भटनागर, भानु-प्रकाश श्रीवास्तव, विजय खरे, गोपाल कृष्ण शर्मा, शैलेन्द्र भटनागर, दुश्यंत माथुर, सतीश श्रीवास्तव, राधामोहन श्रीवास्तव, नवलकिशोर स्वर्णकार, प्रशांत श्रीवास्तव, निशांत श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, सुरेश शास्त्री सहित सैंकडों माता-बहिनें एवं परिजन उपस्थित थे।

# डूब क्षेत्र अमोला में कट रहे जंगलों की लकड़ीयों की ढाबों पर हो रही सप्लाई!

### जिम्मेदार ही नहीं दे रहे ध्यान इसलिए अमोला क्रेशर पर वन रक्षक ही वन रहे भक्षक



**शिवपुरी**-अमोला घाटी से नीचे करैरा रैंज के अंतर्गत सब रैंज अमोला (क्रैसर)के आसपास के संरक्षित वनों की कटाई जोर-शोर से जारी है। कुछ ही वर्षों में अंधाधुंध कटाई कर खेती के लिये सैकड़ों वीघा जमीन तैयार कर हर साल सरसों की खेती होती है। बहुत वार लिखित मौखिक शिकायतें करने पर भी वन महकमा चुप्पी ओढ़े रहता है, कोई ठोष कार्रवाई आज तक नहीं हो पाई। इस कारण जंगल काटकर जोतकर हर साल फसल करने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। यहां डूब क्षेत्र अमोला के कंपार्टमेंट पी.1033 अमोला दक्षिण के अलावा टपरिया, रामपुर, अमोलपठा, क्रेशर, छान रोड, सलैया के आसपास के जंगलों की स्थिति एक जैसी है, यहां से पेड़ लकड़ी काटकर लोग सलैया के होटलौ ढावौ पर लकड़ी की सप्लाई करते हैं। यहां अमोला दक्षिण पी 1033 जंगल कंपार्टमेंट तो पूरा छलनी कर सरसों की फसल पैदा की जाती है। कुछ दिनों पूर्व इस जंगल में एक खाती बाबा का चबूतरा मात्र हुआ करता था जो अब विशाल शनि मंदिर बन चुका है और मेले की पार्किंग के चलते जंगल छलनी कर दिया है। पर्यावरण प्रेमी राजीव दुवे विगत 5 वर्ष से इस जंगल की कटाई रोकने संघर्ष कर रहे हैं लेकिन विभाग की मिली भगत से अमोला के जंगल काटे जा रहे हैं।

**जनसुनवाई में अजीब वाकया, मीडिया के हस्तक्षेप से अधिकारियों ने लिया आवेदनः** मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे पर्यावरण प्रेमी आरटीआई कार्यकर्ता राजीव दुबे ने बताया कि वह 5 साल से ग्राम अमोला में मडिखेड़ा बांध क्षेत्र में जंगलों की अवैध कटाई कर खेती करने के संबंध में जब जन सुनवाई में आवेदन एडीएम को दिया तो उनका जवाब था कि वन विभाग से संबंधित शिकायत है यहां नहीं सुनी जाती, जबकि जनसुनवाई तो सभी कार्यालयों में होने वाली असुनवाई के लिए सुनवाई करता है फिर इस तरह का जबाब देकर जब मीडिया का हस्तक्षेप हुआ तब कहीं जाकर मामले की सुनवाई हुई।

## जनसुनवाई में टेंहटा हिम्मतगढ़ के ग्रामीणों ने लगाई कलेक्टर से गुहार



**शिवपुरी**-कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान ग्रामपंचायत टेंहटा हिम्मतगढ़ के एक दर्जन किसानों ने कलेक्टर से शिकायत की है कि गांव के भागीरथ धाकड़ और मनीराम धाकड़ ने खेतों पर जाने का रास्ता बंद कर दिया है जिससे किसानों को अपने अपने खेतों पर जाने मे परेशानी हो रही है वहीं किसानों ने कहा कि बरसों से वह जिस रास्ते से निकलते थे उस रास्ते को बंद कर दिया गया है जिससे किसान बैलगाड़ी और ट्रैक्टर अपने खेतो में नहीं ले जा पा रहे हैं जिससे गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते को जल्द से जल्द खुलवाने की कृपा करें। यहां शिकायतकर्ता सोबरन सिंह, बाबूलाल, मंगल सिंह, अमरलाल, कल्लू, रामजीलाल, महेश, बेताल सिंह, पूरन, वासुदेव धाकड़, पुंताराम, मीना आकि किसानों ने आवेदन देकर गुहार लगाई है। इन ग्रामीणों ने शिकायत की है कि गांव के दबंगों ने खेतों पर जाने का रास्ता बंद कर दिया है जिससे ग्राम में मौजूद 200 बीघा जमीन पर खड़ी मूंगफली की फसल बर्बाद हो रही है। इस मामले को लेकर पीड़ितों ने जनसुनवाई में अधिकारियों से न्याय मांगा है।

## पांच थैलेसीमिया बच्चो को दिलाया गया जय माई मानव सेवा समिति की ओर से ब्लड



**शिवपुरी**-रक्त की उपलब्धता को लेकर कार्य करने वाली सेवाभावी संस्था जय माई मानव सेवा समिति के द्वारा पांच थैलेसीमिया से पीड़ित जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की गई है। यहां सभी रक्तदाताओ के लिए संस्था ने आभार व्यक्त किया है। जानकारी देते हुए जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी के अमित गोयल ने बताया कि थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों को संस्था के पांच रक्तवीरो ने रक्तदान कर उन्हें रक्त उपलब्ध कराया है। यह रक्तदाता अक्सर थैलेसीमिया बच्चो को ब्लड डोनेट समिति के सदस्य के रूप में हर बार जरूरत पडने़ पर देते है। समिति के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि ऐसे थैलेसीमिया बच्चों को हर 15 दिन में ब्लड लगता है तो पांचो रक्तबीरो ने रात के 9 बजे हॉस्पिटल आकर उन बच्चो की जान बचाने ब्लड डोनेट किया। इन रक्तदाताओं में नकुल शर्मा ने बालक कृष्णा ओझा को, अमित गुप्ता ने देविका पाल को, सिदार्थ जैन ने गीतिका कुशवाह को व मनोज अग्रवाल ने कार्तिक यादव को अपना रक्तदान करते हुए प्रदाय किया। इन सभी रक्तदाताओं के प्रति संस्था ने आभार व्यक्त किया है।

## नैनो न्यूज

### बीएसएफ के शहीद जवानों की पत्नियों और बच्चों को जीवाजी विवि करायेगा फ्री कोर्स



**ग्वालियर।** बीएसएफ के शहीद जवानों की पत्नियों और उनके बच्चे अब जीवाजी विश्वविद्यालय में संचालित कोर्स में निशुल्क एडमीशन ले सकेंगे। इसके साथ साथ एडमीशन से पहले उन्हें फ्री काउंसलिंग भी जेयू के शिक्षकों द्वारा दी जायेगी। इसके लिये जेयू और बीएसएफ अकादमी टेकनपुर के बीच एमओयू आज मंगलवार को साइन किये गये। जेयू के टंडन हाल में विवि की तरफ से कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला एवं बीएसएफ की ओर से आईजी एवं संयुक्त निदेशक जेएस ओबेरॉय ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कुलाधिसचिव प्रो. उमेश होलानी, डीसीडीसी डॉ. केशव सिंह गुर्जर, कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया सहित प्रो. एसके शुक्ला प्रो. अविनाश तिवारी, प्रो. जीबीकेएस प्रसाद, प्रो. जेएन गौतम प्रो. मुकुल त्लैंग, प्रो. एसके गुप्ता आरजेआईटी की ओर से कुलसचिव डॉ. उमाशंकर शर्मा मौजूद रहे। इस एमओयू की अवधि दस वर्ष की रहेगी।

### बेलजा 2021 फेशन शो ग्रांड फिनाले 27 को

**ग्वालियर।** बेलजा व फेशन डीजल द्वारा आयोजित फेशन शो 2021 का आयोजन 27 अक्टूबर को अटल बिहारी वाजपेयी ऑडोटोरियम जीवाजी विश्वविद्यालय पर सायं पांच बजे से किया जायेगा। इस फेशन शो में मिस्टर एंड मिस बेलजा , किडस बेलजा , मिसेज बेलजा एवं डिजायनर राउंड को प्रेजेंट किया जायेगा। इसके साथ साथ इस शो मि इंटीरियर के स्टूडेंटस के द्वारा अलग अलग थीम पर इंटीरियर प्रोडक्ट को भी प्रेजेंट किया जायेगा। बेलजा के डायरेक्टर मनोज बंसल ने बताया कि इस फेशन शो में कुल 84 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिसमें 44 किडस और 30 मिस्टर एंड मिसेज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नौ राउंड की डिजायनर ड्रेस भी तैयार की गई है जिसको 24 डिजायनरों द्वारा तैयार किया गया है। इन सभी देसिनेर ड्रेसेस को एवं माडल्स को बेलजा के फेंड फिनाले में 80 फुट लंबी रेंप पर दर्शाया जायेगा। बेलजा के मनोज बंसल ने बताया कि फेशन शो में मुख्य अतिथि फैशन डिजायनर नील शाह कोलकता, एवं मुंबई से कैथ जेकसन मौजूद रहेंगे। फैशन शो में विजेता को गिफ्ट हेंपर के साथ साथ सायकल, एवं वीडियो एलबम में काम करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। एवं विनर डिजायनर को कैथ जेकसन के अंडर इंटरनशिप करने का अवसर दिया जायेगा।

### जलकर वसूली अभियान में वार्ड 18 में 48 नवीन कनेक्षन स्वीकृत कर 7 अवैध कनेक्शन काटे

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए नवीन जल कनेक्शन एवं जल कर वसूली के लिए वार्ड वार शिविरों का आयोजन हो जा किया जा रहा है। शहर में सोमवार को आयोजित शिविर में नागरिकों ने उत्साह दिखाया और बडी संख्या में उपस्थित होकर नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत कराए तथा अपने अवैध कनेक्शन को वैध कराया। मंगलवार को वार्ड 18 में अभियान चलाकर 48 नवीन कनेक्शन स्वीकृत किए गए तथा 7 अवैध कनेक्शन काटे गए। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आमजनों की सुविधा एवं जलकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने एवं अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जलकर उपभोक्ताओं को नवीन जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए सभी वार्डों में जलकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# सुमावली विधायक पर FIR के बाद भी गिरफ्तारी नहीं, दुखी प्रॉपर्टी डीलर ने आत्महत्या का प्रयास किया

**ग्वालियर।** मुरैना के सुमावली से कांग्रेस विधायक अजब सिंह के ग्वालियर स्थित बंगले पर देर रात पहुंचे प्रॉपर्टी कारोबारी ने जहर खा लिया। पीड़ित ने लड़ झगड़कर धोखाधड़ी का मामला तो दर्ज करा दिया, लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। जिस कारण हताश होकर उसने यह कदम उठाया है। स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की पत्नी ने प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर कोई अनहोनी हुई तो वह सपरिवार विधायक के घर के बाहर आत्महत्या करेगी। वहीं तहसीलदार ने मंगलवार सुबह अस्पताल पहुंचकर प्रॉपर्टी कारोबारी के बयान दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। बिल्डर और वर्तमान में मुरैना के सुमावली से विधायक अजब सिंह कुशवाह ने सालों पहले महाराजपुरा के विक्रमपुर, खेरिया, सोहनपुर में प्लॉटिंग की थी। जिसमें कई लोगों को गलत ढंग से गलत जानकारी देकर प्लॉट बेचे गए थे। इनमें से एक प्रॉपर्टी कारोबारी डीडी नगर निवासी सीताराम शर्मा हैं। इन्होंने करीब 1.86 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट विधायक अजब सिंह, उसके दामाद व अन्य के साथ डील कर बुक



किए थे। पर उनके साथ धोखा हुआ। जमीन में विवाद आने की बात कहते हुए कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा। सीताराम शर्मा ने ग्वालियर के महाराजपुरा क्षेत्र स्थित ग्राम विक्रमपुर और सोहन पुर में सरकारी जमीन पर प्लाटिंग करने का आरोप लगाते हुए पिछले दिनों विधायक पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।

सीताराम को जिन लोगों ने प्लॉट के लिए पैसा दिया था वह अपना रुपया वापस मांग रहे थे। सीताराम शर्मा डिप्रेशन में थे और इसी के चलते वे विधायक के गोला का मंदिर काल्पिब्रिज के पास बने आवास पर रुपये मांगने पहुचे थे। तमाम प्रयास करने के बाद जब विधायक के घर दरवाजे नहीं खुले तो उन्होंने सल्फास की गोली खा लीं। वो तो स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सीताराम की हालत नाजुक है।

**पीड़ित की पत्नी की पुलिस को चेतावनी:** पीड़ित की पत्नी वीरवती शर्मा का कहना है विधायक ने उनके पति के साथ 1 करोड़ 86 लाख रुपये की ठगी की है। इसी के चलते वह डिप्रेशन में थे। वहीं प्रोपर्टी डीलर के मित्र रविन्द्र भदौरिया ने पुलिस पर दबाब के चलते कार्रवाई में लेटलतीफी करने का गंभीर आरोप लगाया है। फिलहाल प्रोपर्टी डीलर का इलाज जारी है पर समूचे घटनाक्रम से आहत पीड़ित की पत्नी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला।

# नकली ऑटो पार्ट्स, ऑइल फैक्ट्री पकड़ी...

### सिर्फ 7 मिनट में यूज ऑइल को फिल्टर कर बना देते किसी भी ब्रांड का इंजन ऑइल

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल में नकली दूध, घी, मावा के बाद अब नकली ऑटो पार्ट्स और इंजन ऑइल भी बनने लगा है। गोला का मंदिर पुलिस ने भगत सिंह नगर में छापामार कार्रवाई कर काफी मात्रा में नकली इंजन ऑइल, ऑटो पार्ट्स, गियर वायर व फिल्टर सहित अन्य प्रॉडक्ट बरामद किए हैं। सिर्फ 7 मिनट में यूज ऑइल को फिल्टर कर नया ऑइल बना देते थे। इसके बाद उसे डिब्बों में पैक कर ब्रांडेड कंपनी जैसे सर्वो, कैस्ट्रॉल का स्टिगर लगाकर मार्केट में पहुंचा दिया जाता था। जिस घर में नकली ऑटो पार्ट्स की फैक्ट्री चल रही थी। उसके मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह पूरा माल उसकी है। घर से बरामद माल की कीमत प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने 20



लाख रुपए के लगभग आंकी है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

शहर के गोला का मंदिर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि भगत सिंह नगर में एक फैक्ट्री संचालन की जा रही है जिसमें नकली ऑटो पार्ट्स और ब्रांडेड कंपनियों के इंजन ऑइल बनाकर मार्केट में बेचा जा रहा है। पुलिस ने सूचना की तस्दीक कराई। जब सूचना पुख्ता निकली तो पुलिस ने भगत सिंह नगर स्थित मकान नंबर क्र 8 में रहने वाले राजेंद्र सिंह भदौरिया के यहां छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान अवैध तरीके से फैक्ट्री चलाकर गाड़ियों के नकली, महंगे और ब्रांडेड कंपनियों के ऑटो पार्ट्स और नकली इंजन ऑइल बनाया जा रहा था। जब पुलिस ने मकान पहुंची तो अंदर का सीन देखकर दंग रह गई। क्योंकि इतना बड़ा कारोबार इस मकान के अलग अलग कमरों के अंदर किया जा रहा था। जहां पुलिस को बजाज, हीरो और अन्य बड़ी कंपनियों के ऑटो पार्ट्स और कैस्ट्रॉल, सर्वो जैसी और बड़ी कंपनियों के गाड़ी के ऑइल बनाकर पैकिंग की जा रही थी। पुलिस ने ऑटो के पार्ट्स, पार्ट्स की पैकिंग के साथ-साथ ऑइल पैकिंग करने वाले रैपर्स, स्टिगर, ढक्कन, बोतल और पैकिंग करने वाली दो मशीने जप्त की है। जिसकी कीमत लाखो में आंकी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मकान मालिक को हिरासत में लेकर कंपनियों के अधिकारियों को इसकी सूचना देकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**आलीशान मकान में 3 साल से चल रहा था कारोबार:** पूछताछ में पुलिस को पता लगा है कि राजेन्द्र सिंह भदौरिया अपने आलीशान मकान में 3 साल से नकली ऑटो पार्ट्स का कारोबार कर रहा है। भगत सिंह नगर में इस एक मंजिल आलीशान मकान की कीमत 80 लाख रुपए बताई जा रही है। तीन लाख में नकली प्रॉडक्ट से राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने लाखों रुपए छापे हैं।

### तेल मिल मालिक से 19 लाख की ठगी

**ग्वालियर।** शहर के गिरवाई क्षेत्र मे तेल मिल चलाने वाले एक मिल मालिक का पहले बिहार में कारोबारी फर्म संचालित करने वाले दो सगे भाईयों ने 19 लाख की चपत लगा दी कारोबारियों द्वारा ठगी का मामला सामने आने के बाद पीड़ित मामले की शिकायत करने गिरवाई थाने पहुंचा। जहां गिरवाई पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गिरवाई थाना क्षेत्र में आने वाले गिरवाई इंडस्ट्रियल इलाके में कैलाश पुत्र घनश्याम तनेजा की जय लक्ष्मी इंडस्ट्रीज के नाम से तेल की फैक्ट्री है। जिसे कैलाश संचालित करते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके यहां तैयार सरसों का तेल बिहार के सहरसा में तेल का कारोबार करने वाले दो सगे भाई अरशद राज व दिलशाद आलम बीते तीन सालों से टैंकर उनकी कंपनी से मंगाते थे। माल के एवज में दोनों भाई समय पर भुगतान भी कर रहे थे। लगातार माल का आर्डर देने व समय पर भुगतान करने पर कारोबारी तनेजा को दोनों पर विश्वास हो गया। लगभग डेढ़ साल पहले अरशद व दिलशाद ने तेल का आर्डर दिया और माल के एवज में 19 लाख की रकम के दो चैक पोस्ट डेटेड चेक दिए।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय में थामी झाड़ू

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का झाड़ू लगाने का वीडियो सामने आया है। अभी तक के उनके राजनीतिक सफर में ऐसा पहली बार हुआ है, जब सिंधिया ने झाड़ू उठाकर लोगों को सफाई का संदेश दिया हो। सिंधिया ने दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्रालय में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत अपने मंत्रालय परिसर में सफाई की। दो दिन पहले बुरहानपुर में चुनाव प्रचार के दौरान उनके डांस का वीडियो भी आया था। उधर, सिंधिया के इस वीडियो पर कांग्रेस ने तंज कसा है। कांग्रेस नेता नरेंद्र सलूजा ने ट्वीट कर कहा- नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अब यही बचा था। शिखर से जमीन पर...। गंदगी वाली जगह पर सफाई करते तो अच्छा संदेश जाता, लेकिन साफ सड़क पर सफाई की नौटंकी-फोटोबाजी ठीक नहीं है।

# माफिया ने किया वनकर्मी पर हमला: जंगल में वृक्षों की अवैध कटाई रोकने पहुंचा तो मिलकर घेरा



**ग्वालियर।** ग्वालियर के जंगल में अवैध रूप से लकड़ी काट रहे माफिया के लोगों को रोकना वनरक्षक और उनकी टीम को महंगा पड़ गया। जैसे वनरक्षक माफिया के पास पहुंचा और उनको पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने उसे और उसकी टीम को घेर लिया। सभी एक साथ वन टीम पर हमला करने के लिए दौड़े। किसी तरह वनरक्षक और उसके साथियों ने भागकर अपनी जान बचाई है। साथ ही पुलिस को सूचना दी। घटना उटीला के जंगलों की है। पुलिस ने तत्काल फोर्स के साथ दबिश देकर बदमाशों की छानबीन की है। वन विभाग के अमले ने काटी गई लकड़ी को जब्त कर लिया है। साथ ही वनरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ग्वालियर देहात में उटीला के जंगल में टिहोली के लकड़ी माफियाओं से वन विभाग का अमला परेशान है। यहां आए दिन लकड़ी काटकर चोरी करने की सूचनाएं आती हैं। जब टीम कार्रवाई करने जाती है तो हमला कर देते हैं। अशोक कॉलोनी निवासी छत्रपाल आर्य वनरक्षक हैं। अभी वह उटीला में पदस्थ हैं। वनरक्षक छत्रपाल को सूचना मिली थी कि जंगल में कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ी ले जाने का काम कर रहे हैं। वह अपने एक साथी के साथ जंगल में अवैध कटाई कर रहे लोगों को खदेड़ने पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने लकड़ी काटने से वन माफिया को रोका तो वह उनके साथ साथ गाली गलौज करने लगे और धीरे-धीरे विवाद कर वनरक्षक पर हमला बोल दिया। अचानक हमले को होता देख वनरक्षक अपनी जान बचाकर भागा और सीधे पुलिस थाने जा पहुंचा जहां उसने अपने ऊपर हुए हमले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की।

### पुलिस ने सर्चिंग की, लकड़ी जब्त कराई

वनरक्षक के उटीला थाना आकर शिकायत करने के बाद पुलिस ने तत्काल उसको साथ लेते हुए जंगल में फोर्स के साथ सर्चिंग की। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी वहां आ पहुंची। जहां पुलिस को आता देख अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे आरोपी वहां से भाग निकले। तभी वनरक्षक ने काटी गई कई क्विंटल लकड़ी को भी जप्त कर लिया। वनरक्षक छत्रपाल की शिकायत पर पुलिस ने रामू यादव, नागेश और पप्पू खां के रूप में माफिया की पहचान करते हुए उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ ग्वालियर से श्री अकाल तख्त साहिब के लिए 27 अक्टूबर को निकलेगा नगर कीर्तन

### 3 नवंबर की शाम को श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर साहिब पहुंचेगा

**ग्वालियर।** दाता बंदी छोड़ दिवस के 400 वे शताब्दी समागम के बाद ऐतिहासिक नगर कीर्तन 27 अक्टूबर को गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ से श्री अकाल तख्त साहिब के लिए विशाल जत्था रवाना होगा,किला ग्वालियर से प्रातः यह नगर कीर्तन रवाना होकर फूलबाग गुरुद्वारा एवं पुरानी छावनी होते हुए अमृतसर के लिए रवाना होगा जो विभिन्न पड़ाव से होते हुए 3 नवंबर को अमृतसर साहिब पहुंचेगा

ग्वालियर गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ के मीडिया प्रभारी बाबा देवेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मीरी पीरी के



मालिक छठवें पातशाह श्री गुरु हरगोविंद शाहिब जी ग्वालियर के किले में जहांगीर द्वारा बंदी बनाए गए 52 हिंदू राजाओं को रिहा करवा कर एक महीने बाद दीपावली के अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब श्री अमृतसर साहिब पहुंचे थे संगत ने अकाल पुरख का आभार जताया और देसी घी के दीपक जला कर खुशी जाहिर की थी उसी याद को ताजा करते हुए बंदी छोड़ दिवस की 400 वर्ष की शताब्दी के उपलक्ष में ग्वालियर से नगर कीर्तन सजाया जा रहा है जो 3 नवंबर की शाम को श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर पहुंचेगा, इस नगर कीर्तन के ग्वालियर से चलकर रास्ते में आगरा, फरीदाबाद, दिल्ली, करनाल,फतेहगढ़ साहिब,लुधियाना,और करतारपुर में पड़ाव होंगे, यह नगर कीर्तन 3 नवंबर की संध्या को श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर पहुंचेगा स्मरण रहे कि 4 से 6 अक्टूबर तक तीन दिवसीय ग्वालियर किला स्थित गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ पर बंदी छोड़ दिवस की 400 वर्ष पर शताब्दी समागम धूमधाम से मनाया गया था।

### पुलिस जवान ने फौजी को थप्पड़ मारा



**ग्वालियर।** ग्वालियर में वाहन चेकिंग कर रही पुलिस का सेना में पदस्थ हवलदार से विवाद हो गया। पुलिस जवानों ने फौजी को उसकी पत्नी के सामने ही चांटा मार दिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसके बाद फौजी को पुलिस उठाकर थाने ले गई। फौजी की पत्नी बच्चे को गोद में लिए सड़क पर खड़ी हो गई। आम लोग भी महिला के साथ आ गए। महिला ने थाटीपुर पर जाम लगा दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंचे। पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल भी आ गए। किसी तरह फौजी की पत्नी को समझाया गया। फौजी को भी थाने से थाटीपुर चौराहे पर लाया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में राजीनामा कराया गया। शहर के थाटीपुर चौराहा पर पुलिस ट्रैफिक सिग्नल के पास खड़ी होकर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी समय सेना में बतौर हवलदार पदस्थ गौरव शर्मा, पत्नी और बच्चे के साथ वहां से निकल रहे थे। गौरव अभी जम्मू में पदस्थ हैं। थाटीपुर ट्रैफिक सिग्नल पर पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान कुछ वाहन चालकों से बहस हो रही थी। इसी समय गौरव के मुंह से भी कुछ निकल गया। पुलिस जवान गौरव से उलझ गए। गौरव की वहां ड्यूटी कर रहे स्‌ढ वीरेन्द्र शर्मा, कॉन्स्टेबल बेताल से बहस हो गई। पुलिस को नहीं पता था कि गौरव फौजी है। बहस में एक पुलिसकर्मी ने उसे पीछे से चांटा मार दिया। इस पर फौजी भड़क गया। एक-दो तमाचे उसने भी जड़ दिए। इस पर 7 से 8 पुलिसकर्मियों ने उसे घेर लिया और मारपीट कर थाने ले गए। चौराहे पर फौजी की पत्नी और बच्चा रह गया। पति को इस तरह ले जाते देख फौजी की पत्नी ने हंगामा खड़ा कर दिया। स्थानीय लोग भी उसके समर्थन में वहां आ गए। कुछ ही देर में सड़क पर जाम लग गया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई।

# पुलिस ने क्रिकेट का सट्टा खेल रहे तीन आरोपियों को पकड़ा आरोपियों से नकदी व तीन मोबाइल तथा एक कार जप्त

**ग्वालियर।** ग्वालियर में T-20 वर्ल्ड कप का पहला सट्टा पकड़ा गया है। सिरोल पुलिस ने 26 लाख रुपए की लग्जरी कार में बैठकर लाखो रुपए के हार जीत के दांव लगवा रहे तीन सटोरियों को गिरफ्ता किया है। कार से तीन मोबाइल, लाखों का लेनदेन के साथ ही बीयर के केन मिले हैं। सटोरिए 99 HUB.IN पर लॉगिन कर सट्टा लगाने वालों को नया भाव देकर गेम्स खिला रहे थे।

कार में ही पूरा सेटअप लगा रहा था। कार में इसलिए घूम रहे थे कि पुलिस को उनकी लोकेशन न मिले, लेकिन इसके बाद भी पुलिस उन तक पहुंच गई। पुलिस ने 21700 रुपए नकद, 30 हजार के मोबाइल व 26 लाख की कार व बैंक खातों में लाखों के लेनदेन के



सबूत मिले हैं। पुलिस इनसे इनके पूरे लिंक के बारे में पूछताछ कर रही है। T-20 वर्ल्ड कप के शुरू होते ही ग्वालियर एसपी अमित सांघी ने शहर पुलिस को अलर्ट करते हुए क्रिकेट पर सट्टा खिलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। इसी कड़ी में सोमवार रात



वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान और स्कॉटलैंड का मैच चल रहा था। मैच पर तीन लोग क्रिकेट पर सट्टा खिला रहे हैं। यह खबर पुलिस अफसरों के पास पहुंची थी। जिस पर सिरोल थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह धाकड़ ने तत्काल अपनी टीम के साथ सचिन तेंदुलकर मार्ग पर दबिश दी। पुलिस की टीम ने देखा कि एक टाटा हैरियर कार नंबर MP07 CJ-9620 में तीन युवक बैठे हैं। वह लगातार मोबाइल में कुछ कर रहे हैं। जब कन्फर्म हो गया कि वह सटोरिए हैं तो पुलिस ने कार को घेरकर तीनों युवकों को पकड़ा है। कार से सट्टे का पूरा अड्डा चलता मिला है। कार में तीन युवक सवार थे जिनके पास तीन मोबाइल थे। जो लगातार इन मोबाइल से ONLINE भाव दे रहे थे और साथ ही सट्टा खिला रहे थे। पुलिस को कार से कई बीयर के केन भी मिले हैं। पकड़े गए सटोरियों की पहचान राहुल उर्फ निखिल पुत्र गजेन्द्र सिंह राणा निवासी मेहरा कॉलोनी, सोनू उर्फ प्रवीण पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता निवासी सिरोल और प्रशांत तोमर पुत्र गुड्डू तोमर निवासी मीरा नगर मुरार के रूप में हुई है। इनसे 21700 रुपए, तीन मोबाइल, 26 लाख रुपए की टाटा हैरियर कार, लाखों का हिसाब मिला था।

### 99 HUB.IN पर साइट्स पर खिला रहे थे सट्टा

पकड़े गए तीनों सटोरियों से 99 HUB.IN वेबसाइट्स पर एजेंट की लिंक यूजर आईडी और पासवर्ड होने का पता लगा है। इसके साथ ही उनके मोबाइल से कई कस्टमर की आईडी भी मिली है। अब किन-किन लोगों के नंबर इनकी लिस्ट में थे उनको पुलिस खंगाल रही है।

### कार को बनाया था सट्टे का अड्डा

इस गैंग का मुखिया राहुल राणा है। शेष दोनों सटोरिए उसके ही इशारे पर काम कर रहे थे। पकड़े जाने के बाद सटोरियों ने कुबूल किया है कि वह कार में ही पूरा सेटअप लगाकर चलते थे। बीयर पीने के साथ-साथ शहर की सड़को पर फिर हाइवे पर घूमते हैं। जिससे पुलिस को उनका कोई एक ठिकाना न मिल सके।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478